# बरवाअड्डा : जंगल और घर में आग लगने से मचा हड़कंप, लाखों की क्षति


जंगल से उठती आग की लपटें

- जले दर्जनों पेड़, घर के सारे सामान स्वाहा

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत दामकाडाबरवा पंचायत के मंडल पाड़ा के चारों ओर आसपास के जंगल में बुधवार को आग लगने से मंडल पाड़ा में अफरा-तफरी मच गई। जंगल में लगी आग घरों तक पहुंच गई। घटना की सूचना पर अग्निशमन विभाग के दो दमकल वाहन टीम के साथ मंडल पाड़ा पहुंच कर आग बुझाने टीम परेशान रहे। टीम एक तरफ आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे तो वहीं आग की लपटे दूसरी तरफ आग जोरों से फैलता जा रहा था। आग से दर्जनों बांस झाड़, आधा दर्जन कटहल का पेड़ समेत सैकड़ों पेड़ पौधे झुलस गया। वहीं घटना की सूचना पर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि मौके पर पहूंच कर घटना की जानकारी ली। दूसरी ओर बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बड़ा पीछरी पंचायत के कुर्मीडीह गांव निवासी शिवलाल रजवार के खपरैल मकान आग लगने से 45 हजार नगद समेत घर वर्तन, चावल,कपडा, टीवी, पंखा समेत हजारों रुपये की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गये। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात घर में आग लग गयी। घर के बाहर सोए होने के कारण लोग बाल, बाल बच गये। अचानक परिवार के लोगों ने घर से आग की लपटे देख घबरा शोर मचाने लगा।शोर सुनकर लोग जुटे तबतक सारा सामान जल चुका था। परिवार वालों ने बताया कि बेटी के शादी के लिए रखे 45 हजार रुपए भी जल गये।

## लोयाबाद : ओबी डंप की झाड़ियों में आग लगने से दहशत

**लोयाबाद।** लोयाबाद छह नंबर समीप ओबी डंप के झाड़ियों में गुरुवार को अचानक आग लग गई। झाड़ियां धधक-धधक कर जलने लगी जिससे वहां पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय बच्चे और बीसीसीएल कर्मियों ने टेंकर से पानी और धूल फेंक कर आग पर काबू पाया। इन दिनों लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक पांच छः जगहों पर आग लग चुकी है। कई जगहों पर आग स्वतः बुझ गई तो कई जगहों पर बीसीसीएल के दमकल से आग बझाई गई। बताया जाता हे की कनकनी मे चल रहे आउट सोर्सिंग का ओवी डंप करने के लिये काली मंदिर के पास पुराने ओवी डंप मे लगाया गया पेड को मशीन से गिरा दिया था। आग कैसे लगी किसी को पता नहीं।

## तेतुलमारी परियोजना से धुआं निकलते देख भयभीत हुए लोग

**कतरास।** तेतुलमारी परियोजना के बेलदारी के समीप झाड़ी और कोयले से गुरूवार की दोपहर काला धुंआ निकलने लगा जिसे देख लोगो को किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी। कुछ लोगों ने बताया की दो व्यक्ति बाइक से बेलदारी बस्ती होते हुए धनबाद की ओर जा रहे थे। वे अपने हाथ में सिगरेट जलाए हुए थे। उसी ने आग की चिंगारी फेक दी। हवा का बहाव जैसे ही शुर हुआ था कि पूरे झाड़ी में आग फैल गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। यहां तक की कोयला से काला धुंआ निकलना शुरू हो गया। घटना की जानकारी तेतुलमारी परियोजना पदाधिकारी को दी। लेकिन कुछ लोगों ने निजी स्तर से पानी फेंककर देर शाम आग पर काबू पाया।


परियोजना से निकलता धुंआ

## चिरकुंडा के बोरा गोदाम में आग लगने से मची अफरा-तफरी, हजारों का नुकसान

चिरकुंडा। चिरकुंडा थाना क्षे के ऊपर बाजार स्थित गांजा गली मोड़ के समीप तरुण दत्ता के आवास के बोरा गोदाम में बुधवार की शामल अचानक आग लग जाने के कारण क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया जिससे गोदाम संचालक गौतम दत्ता को हजारों रू का नुकसान हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे व फौरन दमकल टीम को सूचना दी। दो दमकल की गाड़ियों ने आकर आग पर काबू पाया। हालांकि आग से किसी तरह की हताहत होनी की कोई खबर नहीं है वही आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया है। दमकल विभाग के भानु प्रताप सिंह ने बताया की बोरा गोदाम में अंदर जो जलने की जो स्थिति थी वो काफी भयावह थी।


जलता हुआ गोदाम

असर्फी कैंसर संस्थान का जमीन विवाद हुआ खत्म, सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को किया रद्द

# फर्जी कागजात से कुछ लोगों ने अपनी जमीन होने का ठोका था दावा : हरेन्दर सिंह

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**धनबाद।** भूली इलाके में असर्फी कैंसर संस्थान को आवंटित 11.92 एकड़ जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट द्वारा पॉल बंधुओं के पक्ष में दिए गए आदेश को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 26 अप्रैल 2024 को असर्फी कैंसर संस्थान के पक्ष में अपना फैसला सुनाया। लगभग 4 वर्षों से मामले की सुनवाई विभिन्न न्यायालय में चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 6 महीने के अंदर हाई कोर्ट के निर्णय को रद्द कर दिया। उक्त बातें 2 मई को असर्फी कैंसर संस्थान में आयोजित प्रेस वार्ता में असर्फी कैंसर संस्थान के सीईओ हरेंद्र सिंह ने कही। मौके पर असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह के अलावा निदेशक उदय प्रताप सिंह, गोपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, शुभांशु राय, संतोष सिंह, डॉ. विप्लव मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे। हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस संस्थान के बारे में कई भ्रांतियां फैलाई गई थी कि यह संस्थान बंद हो गया है, चल नहीं रहा है। कुछ लोगों ने फर्जी कागजात बनाकर इस जमीन पर दावा ठोका था। फर्जी कागजात से कोर्ट में मुकदमा लड़ रहे थे। अब कोर्ट के सामने वे लोग खुद को कैसे प्रस्तुत करते हैं यह उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की कॉपी हाई कोर्ट को भी भेजा है। यह संस्थान जिस जमीन पर बना है वह आज भी सरकार के खाते में है। कैंसर संस्थान में मरीजों का इलाज चल रहा है। वैसे कुल जमीन 85 एकड़ है, जिसमें 11.92 एकड़ इस संस्थान को आवंटित है। झारखंड सरकार ने पूरे 85 एकड़ जमीन पर अपना दावा ठोका है। इस जमीन को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए था, लेकिन विवाद का होना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। ज्ञात हो कि रेंगुनी मौजा में कुल 85 एकड़ जमीन पर विवाद चल रहा था। इसमें 11.92 एकड़ जमीन को राज्य सरकार ने असर्फी हॉस्पिटल को कैंसर संस्थान संचालन एवं अन्य कार्यों के लिए दिया था, लेकिन इस जमीन को विवादित घोषित कर दिया गया था।


जानकारी देते असपताल के सीईओ

### जानें क्या है मामला

इस जमीन विवाद में 9 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सरकारी जमीन के विवाद में निचली अदालत में सुनवाई के दौरान झारखण्ड सरकार को पक्षकार नहीं बनाया गया था और पॉल बंधुओं द्वारा फर्जी कागजात लगाकर जमीन को अपना होने का दावा किया गया था। सरकार ने 11.92 एकड़ आवंटन मिलने के बाद असर्फी हॉस्पिटल ने कैंसर संस्थान का निर्माण कर दिया है। संस्थान में डॉ. विप्लव मिश्रा, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. रमेश कुमार, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एवं डॉ. शिवाजी बसु, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट समेत अन्य कैंसर रोग विशेषज्ञ अपनी पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर एवं अन्य विशेषज्ञ भी उपलब्ध हैं। यंहा मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी, मैमोग्राफी एवं अन्य सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज संभव हो गया है।

# कारबाइन जैसे बड़े लोडेड देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

## गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**केंदुआ।** एसएसपी एचपी जनार्दनन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर केंदुआडीह पुलिस ने गोधर मोड़ से एक बाइक सवार 20 वर्षीय युवक को कारबाइन नुमा देसी कट्टा एवं एक गोली के साथ गिरफ्तार किया। धनबाद डीएसपी दीपक कुमार ने केंदुआडीह थाना में प्रेस वार्ता में बताया कि थाना प्रभारी आरएन ठाकुर के नेतृत्व सूचना मिलते ही पांच सदस्यीय टीम गठित कर कार्रवाई की गयी तथा गुरुवार की सुबह 6 बजे गोधर मोड़ स्थित नेपाल रवानी चौक के पास पहुंचे तो देखा कि एक युवक बाइक (जेएच 10 सीपी 4843) को संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे धूम रहा था। जैसे ही पुलिस गाड़ी उनके पास पहुंची तो वह युवक भागने लगा। इसके बाद संदेह आधार पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल कुमार (राम काली बस्ती प्राइमरी विद्यालय के पास नयाडीह सात नं केंदुआ निवासी) बताया। तलाशी लेने पर उसके कमीज के अंदर से एक बड़ा सा काला रंग का कारबाइन नुमा 315 बोर का देसी कट्टा गोली लोडेड बरामद किया गया। पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर हिरासत में लेकर और पूछताछ कर रही है। पुलिस टीम में पुअनी अभिमन्यु चौधरी, नरेंद्र कुमार बैठा, भलेरियानुसा सारस आदि शामिल थे।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते डीएसपी ,गिरफ्तार आरोपी

# बीसीसीएल को इस वित्तीय वर्ष 1564.46 करोड़ का लाभ, संचित घाटे से मिला छुटकारा

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**धनबाद।** बीसीसीएल के निदेशक मंडल द्वारा 24 अप्रैल, 2024 को अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों को गुरुवार को मंजूरी दे गयी। इस वित्तीय वर्ष में कंपनी ने` कुल 1564.46 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है.जिससे कंपनी अपने सभी संचित घाटे को भी समाप्त करने में सफल रही है। बताया जाता है की वर्तमान वित्तीय स्थिति और भविष्य की प्रतिबद्धताओं पर विचार करने के बाद, बीसीसीएल ने रिकॉर्ड मुनाफा हासिल किया है।

**गत वर्ष की तुलना में चालू वित्त वर्ष में बीसीसीएल के आंकड़े (करोड़ में)**

| | 2023-2024 | 2022-2023 |
|---|---|---|
| परिचालन से राजस्व | 14113 .31 | 13280 .93 |
| शुद्ध बिक्री | 13216 .17 | 12333 .34 |
| टैक्स से पहले लाभ | 2091 .67 | 530 .19 |
| टैक्स के बाद लाभ | 1564 .46 | 664 .78 करोड़ |

# बड़ी परेशानी : एक सप्ताह से एसएनएमएमसीएच की लिफ्ट खराब, प्रबंधन बेखबर

- उम्रदराज अटेंडेंट को उतरने चढ़ने में परेशानी
- मरीज को चढ़ाने में वार्ड बॉयज करते है कड़ी मशक्कत

**अखिलेश कुमार**

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में मरीजों व उनके परिजनों की सहूलियत के लिए लगी लिफ्ट लगभग एक हफ्ते से खराब पड़ी है। लिफ्ट खराब होने से यहां आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को रैम्प का सहारा लेना पड़ता है। गुरुवार को लिफ्ट खराब होने की वजह से मरीजों व उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लिफ्ट खराब होने की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों को उठानी पड़ी। बसेरिया से आई एक महिला शांति देवी ने बताया कि उसको किसी मरीज को देखने के लिए दूसरे फ्लोर पर जाना था। लिफ्ट खराब होने की वजह से उनको रैम्प के सहारे दूसरी मंजिल पर जाना पड़ा। इस परेशानी से यहां वार्ड ब्याय भी काफी परेशान है। उनके सामने पहले से ही सेन्ट्रल कैथ लैब में इमरजेंसी शिफ्ट होने से लगभग एक किलोमीटर घूमकर मेडिसिन, ऑर्थो, पीडियाट्रिक वार्ड में जाना पड़ता था। लेकिन लिफ्ट खराब होने से अब उन्हें भी काफी मुश्किल से मरीजों के लेकर दूसरे और तीसरे तल्ले में जाना पड़ रहा है। कई बार तो पियाट्रिक वार्ड में बच्चो को परिजन गोद में ही लेकर चढ़ते हुए देखे गए।



एसएनएमएमसीएच में खराब पड़ी लिफ्ट

### जानकारी नहीं है, ठीक करा देंगे लिफ्ट: डॉ ज्योति रंजन

प्राचार्य सह अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन ने बताया कि जानकारी नहीं है, तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट बंद होगी, जल्दी ही उसको ठीक कर दिया जाएगा।

### 4 बजे तक ही चलती है लिफ्ट

फिलहाल तो लिफ्ट खराब है लेकिन जब चलती है तो भी समस्या बरकरार रहती है। मरीजों के परिजन बताते है कि लिफ्ट ठीक भी रहता है तो शाम चार बजे से बंद कर दिया जाता है। इसके बाद समस्या शुरू हो जाती है। कई मरीज दवा, खाना नाश्ता लाने बाहर जाते है और उन्हें चिकने रैम्प पर चढ़ना उतरना पड़ता है जो जोखिम भरा होता है। रात में भी अधिकांश मरीज आते है जिन्हे वार्ड ब्याय नहीं मिलने पर खुद बड़े मुश्किल से धकेलकर दूसरे और तीसरे तल्ले में ले जाना और जांच के लिए उतारना पड़ता है।

### विधायक राज सिन्हा ने लगवाया था लिफ्ट

वर्ष 2022 में मरीज और जनहित को देखते हुए 26 लोगों की क्षमता वाली लिफ्ट की सौगात अस्पताल को खुद के फंड से दी थी। 45 साल पुराने अस्पताल में लिफ्ट लगने से खुशी की लहर थी। लेकिन अगर इस तरह से लिफ्ट हफ्ते और महीने भर खराब रही या ठीक रहने पर कुछ घंटे ही चलाकर बंद कर दिया जाये तो जिस भावना से यह लिफ्ट विधायक ने जनहित में दिया था वह भावना धरी रह जाएगी और लिफ्ट शोपीस बनकर रह जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों ने की बीबीएमकेयू अंगीभूत महाविद्यालयो में इंटरमीडिएट की पढ़ाई की मांग

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

धनबाद । बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ( बीबीएमकेयू) के अंतर्गत चास महाविद्यालय के छात्र संघ की ओर से इंटरमीडिएट की पढ़ाई एवं नामांकन बन्द किये जाने का विरोध किया है । महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व सचिव युगदेव महथा ने कहा की बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद कर दी गई है, जबकि पूरे झारखंड में इंटरमीडिएट की पढ़ाई अभी भी चालू है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि , सरकार के आदेश के बावजूद भी विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय इंटरमीडिएट की पढ़ाई को प्रारंभ नहीं कर रही है, जिसके कारण गरीब छात्र छात्राओ नामांकन नही हो पा रहा है और गरीब परिवार से आने आने वाले छात्र परेशान घूम रहे हैं। इसके साथ ही साथ इंटरमीडिएट में काम कर रहे कर्मचारियों पर भी बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने माँग की कि पहले की भांति ही विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में सभी अंगीभूत महाविद्यालय में नामांकन लेने अनुमति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि अगर आगे इस पर सरकार एवं विश्वविद्यालय कोई कार्यवाही नही करती है तो आचार संहिता के बाद सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होगा।युगदेव महथा एवं अन्य सदस्यों ने कहा कि इस क्षेत्र में गरीब दलित आदिवासी, पिछड़ा और गरीब तबके के बच्चे पढ़ते हैं जो प्राइवेट संस्थानों में अधिक पैसा देकर के पढ़ने में सक्षम नहीं है।उन्होंने झारखंड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति से निवेदन किया है कि विश्वविद्यालय को निर्देश दिया जाए कि जल्द से जल्द बच्चों का नामांकन ली जाए। प्रेस वार्ता में शामिल छात्र संघ के सदस्य भरत कुमार चक्रम, समाजसेवी प्रशांत त्रिवेदी, महाविद्यालय कर्मचारी मुकेश कुमार, रथु रजवार , मटुका बावरी , आदि उपस्थित थे।

### एसएनएमएमसीएच होगा अपग्रेड, स्वास्थ्य विभाग की सदस्य ने किया दौरा

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) को अपग्रेड किया जाएगा। इसकी पहल शुरू हो गयी है। इस कार्ये के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा नियुक्त निजी एजेंसी इ एंड वाइ के प्रतिनिधि गुरुवार को मेडिकल कॉलेज पहुंची। मेडिकल कॉलेज व अस्पताल को अपग्रेड करने संबंधित सर्वे का कार्य एजेंसी के द्वारा शुरू कर दिया गया। गुरुवार को एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने अस्पताल के विभिन्न विभाग के वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डों में कमियों से जुड़ी रिपोर्ट तैयार करेंगे और विभाग को सौंपेंगे। जिसके बाद ही अस्पताल अपग्रेड कार्य शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मुख्यालय द्वारा चयनित एजेंसी ई एंड वाई के प्रतिनिधि पूरे अस्पताल को अपग्रेड करने के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की कमी भी दूर करेगी।वर्तमान में मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में लगभग 40 प्रतिशत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के पद रिक्त हैं। इससे चिकित्सा सेवा के साथ एकेडमिक से संबंधित कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से पीजी की पढ़ाई शुरू करने व एमबीबीएस की सौ सीटों की मान्यता पर भी सवाल खड़ा हो गया है। इसे ध्यान में रख स्वास्थ्य मुख्यालय ने इस सीट को 150 करने की नई प्लानिंग तैयार की है।

### भौंरा से तीन लॉटरी विक्रेता गिरफ्तार, तस्करों में हड़कंप

**भौंरा।** रातोंरात कडोड़पति बनाने का सपना दिखाकर गरीब, मजदूर तथा बेरोजगारों को अवैध लॉटरी टिकट विक्रेता एक बार फिर सक्रिय हैं। थाना प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए भौरा से लॉटरी माफिया विधान पांडे, चंदन गोस्वामी एवं विनोद को उठाकर थाना लाया। ये लोग समीर एवं तनबीर का लॉटरी बेचते हैं। पुलिस की कार्रवाई से लॉटरी तस्करों में हड़कंप मच गया है। ज्ञात हो कि करोड़पति बनने की चाहत में रोजाना सैकड़ों हजारों का टिकट खरीदने वाले लोग टिकट विक्रेता के चंगुल से नहीं निकाल पाते हैं। इसके लिए समय-समय पर संचालक द्वारा 5 से 10000 का लॉटरी दिलवा कर जाल में फंसा कर रखा जाता है। उनके घर परिवार की स्थिति लॉटरी के चक्कर में दयनीय हो रही है। मामले को लेकर भौरा ओपी प्रभारी रंजीत राम ने कहा कि तीनों से पूछ ताछ चल रही है।


आरोपी चंदन गोस्वामी

### मजदूर दिवस पर डालसा ने लगाई जागरुकता शिविर

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बुधवार को विधिक जागरूकता` शिविर लगाकर मजदूरों के लिए बनाए गए विभिन्न सरकारी योजनाओं व कानून की जानकारी दी। इस बाबत जानकारी देते हुए नव प्रतिनियुक्त डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश` राम शर्मा के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर हीरापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार` द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर ने विभिन्न योजनाओं व कानून की जानकारी दी। इस मौके पर पारा लीगल वालंटियर अरविंद प्रसाद, योगेश कुमार, राजेश सिंह, हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता,गीता कुमारी, अजित समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### राकेश रोशन बने डालसा के सचिव

**धनबाद।** अवर न्यायाधीश राकेश रोशन जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव बनाए गए हैं। बुधवार को उन्होंने डालसा के सचिव पद पर अपना योगदान दिया है। उन्होंने पदभार अवर न्यायाधीश निताशा बारलासे ग्रहण किया । झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर न्यायाधीश निताशा बरला सिविल जज सिनियर डिवीजन का पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय धनबाद में डालसा सचिव राकेश रोशन को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। वहीं निताशा बारला को गुलदस्ता देकर विदाई दी गई।


राकेश रोशन

### फर्जी पर्चा वायरल मामले में पुलिस ने प्रिंस के दो गुर्गे को उठाया

**धनबाद।** भगोड़ा प्रिंस खान का गुर्गा मेजर द्वारा सरायढेला थाना क्षेत्र के कोयला नगर के रहने वाले संजय सिंह के घर गोलीबारी करने का पर्चा फर्जी निकलने के बाद सरायढेला थाना में प्रिंस खान, मेजर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने वासेपुर से दो लोगों को उठाकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को संदेह है कि दोनों ने फर्जी पर्चा वायरल किया था।

# 20 लाख अबुआ आवास बनवा रही सरकार : मुख्यमंत्री



**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**धनबाद।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन धनबाद में चुनावी सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने बीस लाख अबुआ आवास का निर्माण करा रही है। जनता को तीन कमरा वाला आवास जल्द मिलने जा रहा है। पूरे देश में आज अलग माहौल है। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अच्छा दिन दिखाने का नारा दिया, क्या मिला। पांच साल से जनता परेशान है। आज स्थिति यह है कि भाजपा उम्मीदवार को डराकर नाम वापस तक करवा रही है। जनता के बीच लड़ने से भाजपा डर रही है।

## 14 लोकसभा सीट इंडी जीतेगी : आलमगीर आलम



*मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि लोकसभा के दो चरण के हुए मतदान के रुझान में यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा काफी पीछे चली गई है। झारखंड में 14 लोकसभा जीतने का काम इंडी गठबंधन करेगी। भाजपा सरकार संविधान को कमजोर करने का काम कर रही है। एकता ही हिंदुस्तान की पहचान है। लेकिन भाजपा इसको तोड़ने में लगी है। भाजपा ने जो प्रत्याशी दिया है। उससे जनता को देखने और समझाना चाहिए।*

## भारी मतों से जीतेगी अनुपमा : पूर्णिमा नीरज सिंह



झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि अनुपमा सिंह के रूप में इंडी गठबंधन ने एक बेहतर विकल्प देना का काम किया है। साफ छवि मजदूरों के लिए हमेशा लड़ने वाले परिवार से अनुपमा सिंह को टिकट मिला। धनबाद की जनता को इन पर विश्वास करना चाहिए। राजेंद्र सिंह भी मजदूरों को बड़े नेता थे। धनबाद लोकसभा से भारी मतों से जीत दर्ज होगी।

## सेवा के लिए आई है अनुपमा : अनुप सिंह



*विधायक अनुप सिंह ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन ने धनबाद में एक साफ छवि की प्रत्याशी देने का काम किया है, जो श्रमिक, किसान, गरीब, शोषित, दलित हर वर्ग की आवाज बनेगी। भाजपा ने वैसे प्रत्याशी देने का काम किया है। जिससे धनबाद की जनता भयभीत है। उनपर 50 से अधिक संगीन मामले है। अनुपमा सिंह धनबाद में सेवा के लिए आई है और सेवा करेगी।*

## खतरे में है लोकतंत्र : मथुरा प्रसाद महतो



*विधायक अनुप सिंह ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन ने धनबाद में एक साफ छवि की प्रत्याशी देने का काम किया है, जो श्रमिक, किसान, गरीब, शोषित, दलित हर वर्ग की आवाज बनेगी। भाजपा ने वैसे प्रत्याशी देने का काम किया है। जिससे धनबाद की जनता भयभीत है। उनपर 50 से अधिक संगीन मामले है। अनुपमा सिंह धनबाद में सेवा के लिए आई है और सेवा करेगी।*

# मासस प्रत्याशी ने किया नामांकन दाखिल

- **रोजगार, एम्स, हवाई अड्डा पहली प्राथमिकता : जगदीश रवानी**
- **धनबाद की मतदाता एकजुट हों, भाजपा को उखाड़ फेकें : अरूप चटर्जी**

**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने हजारों समर्थकों के साथे नामांकन पत्र दाखिल किया। अवसर पर मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पुर्व विधायक अरूप चटर्जी, बबलू महतो, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो शामिल थे। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, झरिया, निरसा, धनबाद क्षेत्र से सैकड़ो दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन से मासस कार्यकर्ता जिला परिषद मैदान पहुंचे। वहाँ से खुले सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए सिटी सेंटर पहुंचे जहां से पैदल मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के नेतृत्व में धैया रानी तालाब होते हुए मेमको मोड़ पहुंचा।मासस ही कर सकती है।



जीप में प्रत्याशी जगदीश रवानी, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, बबलू महतो, पवन महतो, रुस्तम अंसारी

## उखाड़ फेंके तानाशाही सरकार

*मासस के केंद्रिय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि इस बार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। धनबाद से कई महत्वपूर्ण योजनाएं दूसरे क्षेत्र चले गए हैं। जिस प्रकार से देश के किसान एकजुट होकर मोदी सरकार की किसान विरोधी कानून संघर्ष के जरिए रद्द कराया। ठीक उसी प्रकार धनबाद के मतदाता एकजुट होकर भाजपा को उखाड़ फेंकना है।*

## धनबाद का होगा चौमुखी विकास

*मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि जब से भाजपा शासन में आई है। देश आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है। धनबाद के तीन बार के सांसद की खामियां को छुपाने के लिए प्रत्याशी बदली है। एम्स, हवाई अड्डा दूसरे क्षेत्र चला गया। मासस की जीत से ही धनबाद कोयलांचल का चौमुखी विकास होगा।*

# जेबीकेएसएस समर्थकों को पुलिस ने देर रात किया गिरफ्तार

- **अन्य समर्थकों पर भी पुलिस की नजर**

**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**तोपचांची।** जेबीकेएसएस के अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो को गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी के रूप में नामांकन के दौरान गिरफ्तार नहीं कर पाने के बाद प्रशासन जेबीकेएसएस के अन्य लोगों पर गाज गिरा रही है। बीते बुधवार की देर रात जेबीकेएसएस के प्रधान महासचिव फरजान खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान क्रांतिकारी, वरीय उपाध्यक्ष संजय महतो सहित दो अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। प्रधान महासचिव फरजान को तोपचांची स्थित आवास से रात के तीन बजे घर का दरवाजा तोड़कर सोते हुए गिरफ्तार किया तो संजय महतो को चित्तरपुर से। गिरफ्तारी इतनी गोपनीय तरीके से हुई की किसी को कानो कान खबर तक नहीं मिली। दोनो को गिरफ्तार कर पुलिस अपने साथ ले गई। फरजान खान के चाचा व तोपचांची मुखिया गुलाम सरवर खान ने बताया कि बीते रात्रि लगभग 6 गाड़ी से आई पुलिस की टीम ने फरजान के घर को चारो तरफ से घेर लिया और लकड़ी का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर फरजान को जबरदस्ती हिरासत में लिया और अपने साथ ले गए। उनसे पूछने पर कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे। जबकि फरजान पर किसी तरह का केस भी नहीं है।



*नामांकन के दिन ही कांग्रेस को बड़ा झटका, प्रदेश महासचिव ने दिया इस्तीफा*

# कांग्रेस में नहीं मिल रहा कार्यकर्ताओं को सम्मान : मुकेश

**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**झरिया।** विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाने के बाद से कांग्रेस नेताओं की नाराजगी खुलकर दिखने लगी है। कुछ दिनों पूर्व अनुपमा सिंह से नाराज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सह इंटक नेता ललन चौबे ने पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। दूसरा झटका अनुपमा सिंह के नामांकन के साथ ही लगा। नामांकन के दिन झरिया प्रेस क्लब में प्रदेश महासचिव मुकेश राणा अपने समर्थकों के साथ प्रेस वार्ता कर अपने सभी पदों से इस्तीफा देने का एलान कर दिया। प्रेस वार्ता के दौरान मुकेश राणा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी में ना नेता है, ना नियत है और ना ही कार्यकर्ताओं का सम्मान है। हर बार कांग्रेस आलाकमान द्वारा धनबाद की धरती पर पैराशूट प्रत्याशी घोषित कर देती है। इस बार भी झारखंड कांग्रेस के पदाधिकारियों ने स्वार्थ की राजनीति करते हुए एक बार फिर से कार्यकर्ता को धोखा देते हुए पैराशूट प्रत्याशी उतार दिया। मुकेश राणा ने कहा कि विगत 12 वर्षों से यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में काम करता आ रहा हूं, कई वर्षों तक पार्टी में बिना पद में रहते हुए पाटी का काम किया, और पार्टी का सेवा करने का मौका मिला, अभी मैं यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद पर हूं। बीते तीन साल से झारखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मेरे प्रति उनका रवैया सही नहीं रहा है और उनका बातचीत करने का जो तरीका एवं रवैया रहा है। उससे झारखंड यूथ कांग्रेस के कई कार्यकर्ता आज भी उनसे काफी नाराज़ हैं, जो कि पार्टी हित के लिए सही नहीं है, मैं उनके इस रवैये से काफी दुखी होकर मैं अपने पद और पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं जिसकी जानकारी मैंने यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी एवं झारखंड यूथ कांग्रेस प्रभारी इशिता सेढ़ा को भेज दिया है।



प्रेस वार्ता में मुकेश राणा और अन्य

## धनबाद लोकसभा के लिए अबतक आठ उम्मीदवारों ने किया नामांकन 25 ने खरीदा नामांकन पत्र

**धनबाद** । गत 29 अप्रैल से आरम्भ लोक सभा क्षेत्र के लिए प्रारम्भ हुये नामांकन ने गुरुवार तक कुल आठ उम्मीदवारो ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। गुरुवार को तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया इनमे निर्दलीय उम्मीदवार जनक शाह और उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के संजय कुमार गिरी ने आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं एक मई को कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार अनुपमा सिंह, मार्क्सवादी समन्वय समिति के जगदीश रवानी और पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया - डेमोक्रेटिक के दीपक कुमार दासने नामांकन पत्र दाखिल किया था । बीजेपी के ढूलु महतो और स्वतंत्र उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पासवान ने 30 मई को नामांकन किया था । नामांकन आरम्भ होने से अब तक कुल 25 लोगो ने अबतक नामांकन पत्र खरीदा है पर सिर्फ आठ उम्मीदवारो ने अपना नामांकन पत्र दाखिला किया है।

# मछली लदी वैन में जहर देकर भाग रहे युवकों ने व्यवसायी को मारी गोली

- **खोखा बरामद डीएसपी समेत भारी संख्या में पहुंचे पुलिस अधिकारी**
- **एक दिन जहर की शीशी फेककर दी थी जान मारने की धमकी**

**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड ऊपर बाजार में गुरुवार की रात 8:45 बजे मछली लदी पिकअप वैन पर जहर देकर भाग रहे दो युवकों ने पीछा कर रहे मनोज यादव पर गोली चला दी । उसने पिस्टल से दो फायर किया। एक मिस हो गया और दूसरा मनोज यादव की जांघ पर लगा । घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। घटना की खबर सुनते ही पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद मौके पर पहुंचे। इसके बाद डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार, निरसा सीडीपीओ मानिक रजत बाखला, चिरकुंडा थानेदार सुनील कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी गोविंदपुर ऊपर बाजार पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। बताया जाता है कि जेएच 15 एएफ 0941 नंबर की पिकअप वैन पर गुरुवार को कतला एवं रेहू मछली लादकर पटना ले जा रही थी। आसनसोल में मछली गाड़ी का पानी बदला गया । पिकअप वैन के ऊपर एक व्यक्ति पानी डाल रहा था और मछली की देखभाल कर रहा था। मंगलवार को इस गाड़ी में जहर की शीशी फेंकी गई थी तथा कुमारधुबी के कुछ लोगों ने धमकी दी थी कि इस रोड से होकर मछली गाड़ी पार नहीं होनी चाहिए । यदि मछली वाहन आया तो जान मार देंगे । इसके पूर्व पिछले सप्ताह भी इस गाड़ी में जहर डाला गया था। इससे मछलियां मर गई थीं।






# सीबीआई ने सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता को 20 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

- **तबादला कराने के लिए मांगे थे 1 लाख, पहली किश्ते लेते ही पकड़ाया**

**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**धनबाद/निरसा बाजार।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडेय को बीते बुधवार की शाम छह बजे उनके कुमारधुबी स्थित आवास से थोड़ी दूर भाग्यलखी कोलियरी के समीप हरियाजाम के एक कर्मी से घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद मुगमा क्षेत्र के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम पांडे को रात भर मुगमा गेस्ट हाउस में रखकर पूछताछ करने के बाद गुरूवार की सुबह अपने साथ धनबाद ले गई। हालांकि इस पूरे मामले में न तो सीबीआई के अधिकारी और न ही शिकायतकर्ता ही कुछ बता रहे है। गुरुवार की सुबह भी सीबीआई के अधिकारी उनके आवास आते-जाते रहे। घटना के बाद पांडे के हरियाजाम कोलियरी कार्यालय को भी सील कर दिया था। गुरूवार की सुबह जांच-पड़ताल के बाद ऑफिस को खोल दिया गया। क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है कि हरियाजाम कोलियरी के कर्मी संजीव सिन्हा का तबादला सेंट्रलपुल रेलवे साईडिंग करवाने के लिए करीब एक लाख देने की बात तय हुई थी। उसकी कड़ी में बुधवार को सिन्हा ने 20 हजार रूपया पहली किश्त देने कुमारधुबी कोलियरी उनके आवास पर पहुंचा, लेकिन इससे पूर्व सिन्हा ने इसकी शिकायत सीबीआई को दे दी थी। उनकी शिकायत पर ही सीबीआई ने अभिकर्ता को पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया था। जैसे ही कर्मी अभिकर्ता को पैसा देने लगा वैसे ही सीबीआई ने उन्हें रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

## कोर्ट ने दिया ईसीएल अधिकारी पांडे को दो दिनों का सीबीआई रिमांड



ट्रांसफर के एवज में ईसीएल कर्मी संजीव कुमार से बीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ धाराएं हरिया जाम ईस्ट कुमारधुबी कोलियरी के एजेंट राम प्रकाश पांडे को सीबीआई ने गुरुवार की देर शाम कोर्ट में पेश किया। मामले के अनुसंधान कर्ता संदीप सिंह ने कोर्ट में आवेदन दायर कर आरोपी राम प्रकाश पांडे की चार दिनों की सीबीआई हिरासत की मांग की। कोर्ट को दिए आवेदन में सीबीआई ने कहा कि जांच पड़ताल में कई कागजात मिले जिनके संबंध में पूछ ताछ आवश्यक है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने आरोपी राम प्रकाश पांडे को दो दिनों की सीबीआई हिरासत देने का आदेश दिया है। कोलियरी एजेंट रामप्रकाश पांडे को बुधवार को सीबीआई की टीम ने शाम करीब साढे छह बजे 20 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया था। आरोप है कि कोलियरी के कर्मी संजीव कुमार सिन्हा का दूसरे जगह से ट्रांसफर कर लाने के एवज में एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की गई थी।

# सिकुड़ रहीं नदियां, गुम हो रहे तालाब
# जलसंकट से त्रस्त धनबाद रेड जोन में पहुंचा

- स्थिति नहीं सुधरी तो साल 2050 भीषण त्रासदी की गाथा लिख डालेगा
- 14 वर्षों से धूल फांक रही स्टेट ग्राउंड वाटर ऑथोरिटी की योजना



**आवाज प्रतिनिधि, 2 मई।**
**हरेंद्र शर्मा**

**धनबाद।** नदियां सिकुड़ती जा रही हैं। तालाबें गायब हो रहीं हैं। कोयलांचल की विश्वव्यापी आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। जंगल झाड़ कटते जा रहे हैं और कंक्रीट के जंगल बनते जा रहे हैं। इस कारण से यहां के भूगर्भ में पानी की स्थिति हाहाकार मचा रही है। गैर सरकारी संस्था वाइल्ड लाइफ फंड ने पिछले वर्ष ही अपनी सर्वे रिपोर्ट में कह दिया था कि देश के 28 बड़े शहरों में धनबाद भी एक ऐसा शहर होगा जो वर्ष 2050 तक पानी के संकट को लेकर त्राहि त्राहि करेगा। यह शहर धीरे धीरे रिस्क जोन में तब्दील होता जा रहा है और रेड जोन में आ चुका है। अधिकतम 1400 मिलीमीटर वर्षा के बाद भी पानी के लिए मारामारी प्रतिवर्ष 1100 से 1400 मिलीमीटर अनुमानित औसत वर्षा का अनुपात माने जाने वाले धनबाद की व्यथा यह है कि विभिन्न कारणों से हर साल यहां 2 से 6 मीटर तक भूगर्भ का जल स्त्रोत घट जाता है, जो जल संकट का बड़ा कारण है। कोयलांचल की लाइफ लाइन दामोदर के साथ कई सहायक नदियों में पानी कम होने से लोगों की आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पा रही हैं।

**जिले का 11 स्थान पहले से ही घोषित है ड्राई जोन**

धनबाद के 11 स्थानों को पहले ही ड्राई जोन घोषित किया जा चुका है, जिसमें बंकमोड़, धोवाटांड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, चांदमारी,धनसार,बस्तकोला,झरिया,बाघमारा, निरसा के कुछ कोलियरी जगहें हैं। यहां बोरिंग का पानी नहीं निकल सकता है।

**अमल में नहीं कार्य योजना**

राज्य में ग्राउंड वाटर के बेहिसाब दोहन को लेकर झारखंड सरकार ने वर्षों पहले स्टेट ग्राउंड वाटर ऑथोरिटी भूगर्भ जलस्तर को मेंटेन रखने के लिए एक नई पॉलिसी तैयार की थी। इसके तहत डीप बोरिंग पर रोक लगाने की तैयारी थी, मगर वर्ष 2011 में तैयार किया गया संबंधित प्रयास 14 साल बाद भी विभागीय फाइलों में कैद होकर धूल फांक रही है।

**कोलियरी इलाकों में स्थिति काफी गंभीर**

पिछले वर्ष शहरी क्षेत्रों में जहां 12 मीटर पर पानी मिल जाता था। वहां अब 15 मीटर पर भी पानी नहीं मिल रहा है। कोलियरी क्षेत्रों में स्थिति इससे भी खराब है। कोलियरी क्षेत्रों में पहले जहां 14 से 15 मीटर में पानी मिल जाता था, वहां अब 17 से 18 मीटर पर पानी मिल रहा है।

**डिप बोरिंग पर रोक नहीं**

झारखंड सरकार द्वारा जो प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था, उसमें निजी बोरिंग पर टैक्स लगाए जाने का मसला फंस रहा था। इसके बाद निजी एवं नॉर्मल बोरिंग में छूट देने का निर्णय लिया गया, फिर भी यह नई पॉलिसी अबतक कारगर नहीं हुई है और नियम को ताख पर रहकर डिप बोरिंग कराया जा रहा है, जिसमें संबंधित विभाग की उदासीनता कई संदेह को जन्म देती है।

**क्या है डीप बोरिंग**

डीप बोरिंग को उच्च प्रवाही नलकूप भी कहा जाता है। इसका बोरिंग 800 फीट से 1200 फीट तक गहरा किया जाता है। बोरिंग का डायमीटर साढ़े छह इंच होता है। जबकि केसिंग साढ़े आठ इंच का होता है। इससे भू-गर्भ जल का अत्यधिक दोहन होता है। ऐसे बोरिंग सामान्यतः औद्योगिक इकाइयों, मार्केट कांप्लेक्स, अपार्टमेंट एवं व्यावसायिक संस्थानों में कराया जाता है। नगर निगम भी अपने क्षेत्र में डीप बोरिंग करवाता रहा है।

## कांग्रेस के धनबाद लोस प्रभारी शुक्ला ने कहा
## छवि की वजह से अनुपमा का पलड़ा भारी



**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस दफ्तर में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह धनबाद लोकसभा प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा पिछले 10 साल से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है, उसी को बचाने की कवायद कांग्रेस द्वारा की जा रही है। लोकतंत्र रहेगा तब ही इस देश में पार्टी और नेता रहेगे। आज जब भी विपक्ष द्वारा सदन में सवाल करते है तो इडी और सीबीआई द्वारा उनके आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है।वही आज आम जनता महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर परेशान है। धनबाद के मतदाताओं से लोकतंत्र के इंसाफ के तराजू उठाकर एक तरफ नीति सिद्धांत पालन करने वाली साफ छवि रखने वाले काग्रेस की प्रत्याशी अनुपमा सिंह वही दूसरी ओर भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो को रखकर देखने की अपील की। दावा किया कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का पलड़ा हमेशा भारी रहेगा। मौके पर प्रभात सुरोलियो और प्रसाद निधि समेत अन्य मौजूद थे।

## सहरसा, पटना से नई दिल्ली के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, धनबाद के रास्ते चलेगी हावड़ा-इंदौर

**आवाज प्रतिनिधि, 2 मई।**

**धनबाद।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में सहरसा एवं पटना से -नई दिल्ली एवं धनबाद के रास्ते हावड़ा-इंदौर स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 4 मई 2024 को सहरसा से 7 बजे प्रस्थान कर खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर के रास्ते अगले दिन 7 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी सं. 09336 हावड़ा-इंदौर सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन दिनांक 5.मई.2024 को हावड़ा से 17.40 बजे प्रस्थान कर धनबाद, गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दूसरे दिन 00.50 बजे इंदौर पहुंचेगी। गाड़ी सं. 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 3.मई 2024 को पटना से 21.30 बजे प्रस्थान कर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।



निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के शेष फेरे रद्द कर दिए गए हैं-

| क्र.सं. | गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | परिचालन का दिन | रद्दीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08183 | टाटा- पटना स्पेशल | शनिवार | 04.05.24 से 29.06.24 |
| 2. | 08184 | पटना- टाटा स्पेशल | शनिवार | 04.05.24 से 29.06.24 |
| 3. | 08013 | भागलपुर- रांची स्पेशल | शुक्रवार | 03.05.24 से 28.06.24 |
| 4. | 08014 | रांची- भागलपुर स्पेशल | गुरुवार | 02.05.24 से 27.06.24 |
| 5. | 08623 | इस्लामपुर- रांची स्पेशल | शनिवार | 04.05.24 से 29.06.24 |
| 6. | 08624 | रांची- इस्लामपुर स्पेशल | शनिवार | 04.05.24 से 29.06.24 |

## बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही जिताते हैं पार्टी को चुनाव : अशोक सिंह

**आवाज प्रतिनिधि, 2 मई।**

**बरवाअड्डा।** लोकसभा चुनाव को लेकर गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के नेताओं व कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक बरवाअड्डा में हुई। अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाडी व संचालन गोविंदपुर प्रखंड लोकसभा प्रभारी अनिल साव ने किया। सर्वसम्मति से गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र को पांच जोन में बांटकर बूथ कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा गोविंदपुर क्षेत्र के सभी बूथों में पंद्रह सदस्यीय कांग्रेस, झामुमो, आप, राजद व अन्य इंडिया गठबंधन के पार्टियों का संयुक्त कमेटी दो दिनों के अंदर तैयार कर पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में गांव, गांव में प्रचार अभियान शुरू करने पर सहमति बनी। मुख्य अतिथि धनबाद जिला प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने अनुपमा सिंह को उम्मीदवार को बनाया है। बूथ स्तरीय इंडिया गठबंधन के सभी नेता व कार्यकर्ता एकजुट होकर आपसी मतभेद का त्याग कर पार्टी उम्मीदवार को जिताने का संकल्प ले। विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता अपने, अपने बूथ को मजबूत करें और सिंदरी विधान सभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार को लीड दिलाए। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही पार्टी को चुनाव जिताते है। बैठक में आप के प्रदेश संयोजक डीएन सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, एजाज अहमद, राजद के मोबीन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अख्तर अंसारी, सोमनाथ चक्रवर्ती, रामकिशन विश्वकर्मा, अयूब अंसारी, गुल्लू अंसारी, शेखर यादव, माथुर अंसारी, मोइन अंसारी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर सोहराब अंसारी, संजय सोरेन, मनजुडा मरांडी, पैगाम अली, पारस हांसदा, शरीफ अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, यूनूस अंसारी, ताहिर अंसारी, बिलाल अंसारी, बंमबंम सिंह, निर्मल मंडल, अकबर रजा, अनवर अंसारी, इशहाक अंसारी, अली अख्तर अंसारी, तबरेज अंसारी, मकरूद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।



बरवाअड्डा में इंडिया गठबंधन की बैठक

## ईसीकेआरयू ने मनाया मजदूर दिवस, किया झंडोत्तोलन

**आवाज प्रतिनिधि, 2 मई।**

**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद शाखा(2) हर साल की तरह इस साल भी हिल कॉलोनी स्थित शाखा कार्यालय प्रांगण में मई दिवस का आयोजन किया गया था। शाखा अध्यक्ष एन के खवास के द्वारा झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सभी कर्मचारियों को मई दिवस का बैच लगाया गया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष एन के खवास के अलावे शाखा सचिव आर के सिंह, सोमेन दत्ता, सुप्रटिव चक्रवर्ती, एसबी सिंह, एमके मुकेश, अभिषेक कुमार, परमेश्वर कुमार, एस मुंजेश्वर राव, यूके पाठक, एसके पाल, मृगभूषण सिंह, रोहित पाठक, इस्लाम अंसारी, एस के महतो, एमके तिवारी, विकास कुमार, गुड्डू कुमार, धर्मवीर पासवान, रिटलाल गोप, प्रदीप्तो सिन्हा, अश्वनी कुमार, एमके मंडल, मिथिलेश कुमार, महेंद्र कुमार, कौशलेन्द्र कुमार, बिस्वाजीत मुखर्जी और दीपक कुमार उपस्थित रहे। वही दूसरी तरफ लाइन शाखा के कोचिंग परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में यूनियन शाखा सचिव जेके साव के द्वारा झंडा तोलन किया गया क मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष प्रशांत बनर्जी, कोषाध्यक्ष सीएस प्रसाद, डीपू इंचार्ज अभय मेहता, एन के खवास, सुरेंद्रचौहान, अमरजीत यादव, दिलीप कुमार, आरके अजय कुमार, नागेंद्र कुमार, धुरंधर यादव, नीतीश कुमार, फिरोज अंसारी, इजहार आलम, सुजाता देवी, रुचि कुमारी, शहनाज परवीन, बिंदु देवी, रीना कुमारी, महुआ चौधरी, मनजीत कुमार, अनुरंजन कुमार इत्यादि उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना में एसआईएस गार्ड की मौत

- अम्बोना मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आया
- ड्यूटी आने के क्रम में हुई घटना



**आवाज प्रतिनिधि, 2 मई।**

**धनबाद।** गुरूवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक एसआईएस गार्ड की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना छोटा अम्बोना हाइवे सड़क पर घटी। मृतक की पहचान अशोक बाउरी के रूप में की गयी है जो एग्यारकुंड मुंडा धौड़ा का रहने वाला था। घटना के बाद पुलिस की मदद से उसे आनन फानन में धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल लाया गया जंहा चिकित्स्कों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के फोन मद से उसके मामा को दी। सूचना मिलते ही दर्जनों परिजन अस्पताल पहुंचे और विलाप करने लगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घरवालों ने बताया कि मृतक एसआईएस में गार्ड की नौकरी लगभग 6 सालों से कर रहा था। गुरुवार को भी घर से ड्यूटी के लिए दोपहर दो बजे निकला था। इसी बीच अम्बोना के पास यह घटना होने की सूचना मिला। परिवार का भरण पोषण उसी के कंधों पर था। घटना की खबर मिलते ही एसआईएस एजेंसी के एचआर साधन कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने परिवार को इंश्योरेंस, पेंशन सहित कम्पनी के नियमानुसार मृतक के परिवार के मिलने वाले लाभ को देने का भरोसा दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक तीन साल की बच्ची को छोड़ गया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था।

**वीडियो बनाते रहे लोग**

करीब आधा घंटे तक इस चिलचिलाते धूप में घायल बेहोशी हालत में पड़ा रहा। घटना के बाद कई लोग वहां जूते और घटना का वीडियो बनाते रहे परंतु किसी ने उसे उठाकर किसी वहां से अस्पताल में पहुंचने का काम नहीं किया। राहगीरों की सूचना पर गोविंदपुर थाना के एएसआई कामेश्वर महतो घटनास्थल पर पहुंचे व घायल मोटरसाइकिल चालक को एंबुलेंस से बेहोशी हालत में एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई

### नारी न्याय को मिलेगा नई ऊर्जा : सीता राणा

**धनबाद।** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में शहर के दर्जन अधिक स्थानों को दौरा कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। मौके पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का नामांकन और जन सभा ऐतिहासिक रहा। सीता राणा ने कहा कि कांग्रेस का पांच न्याय जिसमे नारी न्याय भी शामिल है और नारी न्याय को नई ऊर्जा मिलेगी। धनबाद लोकसभा में महिला प्रत्याशी देकर इसकी शुरूआत हुई है और आने वाले समय में धनबाद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी चाहे राजनीति हो या सामाजिक या फिर आर्थिक । धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की बड़ी जीत दर्ज होगी और इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। मौके पर हेमंती जयसवाल, रूबी खातून, सावित्री देवी, साविया देवी, सरस्वती देवी, संतुरी देवी, कलावती देवी, सावित्री कोड़ा, बिंदु देवी, नूतन विश्वकर्मा, सुनीता निषाद, साहिना बानो, अजमेरी खातून, गीता सिंह, प्रतिमा पांडेय, आरती देवी, माधुरी कुमारी, जानकी देवी, रिंकू कुमारी, सकिला खातूने आदि मौजूद थी।

### एसएसएलएनटी महिला कालेज ने गांव में चलाया मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**धनबाद ।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा गोद लिये गये गांवों में आयोजित ग्राम सभा में सम्मिलित होने के निर्देश के अनुरूप एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय,धनबाद की ओर से यूबीए समन्वयक निरजा अंजेला खाखा एवं छात्राओ ने गुरुवार को धनबाद के धोखरा गांव के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा मेंभाग लिया। इस बैठक में गांव के कई प्रतिनिधि जिनमें मुखिया उषा देवी,उप मुखिया पुष्पा देवी, रोजगार सेवक मोहम्मद गुलाम, मुखिया प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि विश्वनाथ महतो, प्रज्ञा केंद्र संचालक राजकुमार महतो पी डी एस कविता कुमारी एवं अन्य प्रतिनिधि भी शामिल थे।इस सभा में गांव के जन प्रतिनिधियों द्वारा निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई - प्रज्ञा केंद्र को पंचायत भवन में संचालित करना. ।

## संक्षिप्त खबरें

### बेरमो विधायक अनुप सिंह ने किया चिरकुंडा का दौरा



**धनबाद।** कांग्रेस विधायक जय मंगल सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में चिरकुंडा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होने लोगों से कहा कि यह लड़ाई संविधान व हिन्दुस्तान को बचाने की है। जातियों के भेदभाव को हटाने के लिए है। सभी धर्मों के सम्मान के लिए है। राष्ट्रीय करण व निजीकरण के बीच फर्क पहचानने के लिए है। लोग इसको पहचाने और अपना मतदान सोच समझकर करें। विभिन्न जाति समुदाय के बीच में जो एक नफरत भरा माहौल है। लोगों से अपील किया कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करें। मौके पर युवा राजद के जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा, मुरली तुरी, लाल बाबू यादव, किशोरी यादव, उपेन्द्र यादव, रणजीत बाउरी, उमा शर्मा, मो आरीफ, आमिर उरवा उर्फ नन्हे, शंकर गुप्ता आदि थे।

### बीबीएमकेयू में 4 मई से यूजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे छात्र

**धनबादः** बीबीएमकेयू में 4 मई से लेकर 25 मई तक छात्र एवं छात्रा यूजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। बीबीएमकेयू के अंतर्गत आने वाले जितने भी कॉलेज हैं। सभी का इस बार नामांकन इंटर के मार्क्स के आधार पर होगा। पिछली बार बीबीएमकेयू में सीयूईटी के माध्यम से 50 प्रतिशत सीट पर नामांकन हुआ था। लेकिन इस बार सीयूईटी को पूर्ण रूप से यूजी नामांकन में हटा दिया गया है। फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से चांसलर पोर्टल पर भरायेग। पहला लिस्ट 29 मई, दूसरा लिस्ट 13 जून और तीसरा लिस्ट 25 जून को निकाला जाएगा। अभी तक विश्वविद्यालय के द्वारा तीन लिस्ट निकलेगा, इसी का दिशा निर्देश दिया गया है।

### विधायक ढुलू महतो नहीं हुए हाजिर अदालत ने दिया गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने` के मुकदमे की सुनवाई बुधवार को अदालत में हुई। इस दौरान आरोपी ढुलू महतो हाजिर नहीं थे। एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी के अवस्थी की अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। इस मामले में पिछली सुनवाई के दौरान गवाह का जिरह पूरा नहीं हो पाया था। अदालत द्वारा बचाव पक्ष को गवाह खर्च के रूप में राशि अदा करने का निर्देश दिया था।

### खेल खेल में मानसिक विकास पर लगी कार्यशाला

**धनबाद।** खेल खेल में बच्चों के मानसिक विकास और स्वास्थ्य संवर्धन की दृष्टिकोण से सरायढेला के भारत थेरेपी सेंटर में यूरो किडज्ज शख्स के साथ मिलकर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कैंप का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास और इसके लिए केंद्र के परिचारको को दक्ष बनाना है। थेरेपी सेंटर की टीम ने इस दौरान विभिन्न खेलों के माध्यम से बच्चों के शरीर तथा मस्तिस्क को सक्रिय करने की आकृति बनाई। कैंप में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।भारत थेरेपी सेंटर के प्रतिनिधियों ने जागरूकता के विषय पर प्रकाश डाले।

### भीषण गर्मी में पानी के लिए तरसे बीबीएमकेयू के छात्र,अभाविप ने किया कुलपति का घेराव

**धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय कैंपस में पीने का पानी कही भी नहीं मिला और नहीं वाशरूम जाने के लिए पानी का कोई व्यवस्था था। इस भीषण गर्मी में यह संकट को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विश्वविद्यालय अध्यक्ष चिरंजीवी विश्वकर्मा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया गया। विश्वविद्यालय अध्यक्ष चिरंजीवी विश्वकर्मा ने नाराजगी जताते हुए कुलपति को कहा पेयजल की समस्या से अवगत कराया। और कहा कि आए दिन कुछ ना कुछ विश्वविद्यालय में समस्या होते ही रहती है, विश्वविद्यालय के कई कर्मचारी अभी हड़ताल पर बैठे हुए हैं। जिसके कारण विश्वविद्यालय का सभी तरह का काम बाधित हो चुका है।विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कर्मचारीयों के बीच छात्र एवं छात्रा फस गए हुए है। यह कर्मचारीयों आंदोलन को देखते हुए।

### मारवाड़ी महिला समिति ने कुलियों संग मनाया मई दिवस

**धनबाद।** मई दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा द्वारा यहां के रेलवे स्टेशन पर एक सौ कुलियों के बीच चप्पल, गमछा,थैला और छाता का वितरण किया गया। इसके अलावा सत्तू और फ्रूटी भी बांटकर मई दिवस मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की कूली भी समाज के प्रमुख अंग हैं, जो यात्रा के दौरान हमारी मदद पहुंचाते हैं। मौके पर संगठन की शारदा बजाज, सुधा खेतान, अरुणा भगानिया, अन्नपूर्णा हड़ोदिया, सारिका सिंघल, सुशील अग्रवाल, निशा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, संजू डालमिया सहित अन्य मौजूद थीं।

### नीट यूजी-2024 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की गुहार - धनबाद में हैं आठ सेंटर

**धनबाद ।** देश के सभी मेडिकल कॉलेजो में स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए समान राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी)-2024 का आयोजन राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 की धारा 14 के अनुसार परीक्षा के रूप में आयोजित आगामी 5 मई किया जाना है। यह परीक्षा के माध्यम से बीएएमएस,बीयूएमएस और बीएसएमएस पाठ्यक्रमों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होगी । स परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा धनबाद सहित देश के विभिन्न शहरो में आयोजित होगी ।

धनबाद में एजेंसी के कोऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार ने बताया कि रविवार 5 मई को धनबाद के आठ सेंटरो पर कुल 4048 छात्र इस 200 मिनट (03 घंटे 20 मिनट) के परीक्षा में भाग लेंगे जो दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:20 बजे तक तक चलेगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने गुरुवार को सिटी एसपी अजित कुमार और एसडीएम उदय रजक से मिलकर सभी परीक्षा के केन्द्रो पर सुरक्षा की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है ताकि परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हो सके।अधिकारीयों ने सभी परीक्षा केंद्रओ जो कि पांच थाना क्षेत्रों में अवस्थित है के थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिया है । उन्होंने बताया कि गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल स्थित सेंटर पर 504 छात्र, द्वारका दास फाउंडेशन अकादमी में 480 छात्र, डीएवी जामाडोबा में 648,डीएवी कोयलानगर में 720, झारखण्ड पब्लिक स्कूल में 288,डीएवी लोदना में 504, किड्स गार्डन झरिया में 463 और डीएवी कुसुंडा में 440 इस परीक्षा में शामिल होंगे।

# सिंदरी में मनाया गया मजदूर दिवस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करने जुटे लोग

**■ बीसीकेयू ने निकाली प्रभात फेरी**

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**सिंदरी।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सिंदरी के विभिन्न मजदूर संगठनों द्वारा विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर शिकागो के अमर शहिदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सीटू से संबंधित बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने कांड्रा बाजार स्थित कार्यालय से योगेंद्र महतो के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके बाद यूनियन कार्यालय में बीसीकेयू का झंडा फहराया एवं अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। ठेका मजदूर यूनियन सिंदरी की ओर से सीटू का झंडा संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष विकास कुमार ठाकुर ने फहराया। मौके पर राज नारायण तिवारी, सुबल चंद्र दास, राम लाल महतो, शिबू राय, प्रमोद सिन्हा आदि थे। जनता मजदूर संघ कार्यक्रम रोहडाबंध सिंदरी में जमसं नेता वेद प्रकाश ओझा द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य मे एक कार्यक्रम आयोजित कर बीजली विभाग को कामगारों को सम्मानित किया गया। एफसीआईएल सिंदरी वीएसएस एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मजदूर दिवस पर रोहडाबंध स्थित शहीद स्मारक पर एक कार्यक्रम आयोजित कर शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी गई।मोके पर उमाशंकर सिंह, आर सी प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद साह,सुनील कुमार आदि थे।

## भाकपा माले ने मनाया मई दिवस

*अलकडीहा। भाकपा माले ने कालिंदी टोला में मई दिवस धूमधाम से मनाया। माले नेता भजो हरि महतो ने कहा कि आज भी मजदूरों पर बड़े-बड़े कंपनियों द्वारा शोषण किया जा रहा है। सरकारी संस्थान धीरे-धीरे बंद हो रहे हैं। आउटसोर्सिंग कंपनियां हमारे देश में हावी हो रही हैं। वर्तमान सरकार आउटसोर्सिंग को बढ़ावा देकर मजदूरों का शोषण कर रही है, इसलिए मजदूरों को जागना होगा। मौके पर विनोद कालिंदी, नारद कालिंदी, विक्रम कालिंदी, संजय कालिंदी, निमाई रजक, परेश कुंभकार, राजकुमार बाउरी आदि थे।*

## डिनोबिली स्कूल एफआरआई डिगवडीह में मना मजदूर दिवस


कर्मियों के साथ प्राचार्य और शिक्षक

**जोरापोखर।** बुधवार को डिनोबिली स्कूल एफआरआई डिगवडीह में मजदूर दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य फादर थॉमस सीजी.एस.जे , फादर ऑस्कर होरो एवं कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा 10 वी के सभी अनुभाग के बच्चों ने सभी सहकर्मी एवं कर्मचारियों के लिए प्रार्थना- सभा का आयोजन किया। बच्चों ने अपने वक्तव्य में यह बताया कि सभी कर्मचारी समाज की रीढ़ हैं। इनके बिना समाज, देश, विद्यालय या किसी भी संस्था का कार्य सुचारू रूप से नहीं चलाया जा सकता है। विद्यालय में फादर अनिल केरकेट्टा ने श्री महावीर जी को विद्यालय में उनके 25 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य फादर थॉमस सीजी. एस.जे , फादर ऑस्कर होरो, फादर राजेश डुंगडुंग, फादर अनिल केरकेट्टा, उप-प्रधानाचार्य शांतनु दास एवम सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पर्जन्य बीएड कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्रों के मिलन समारोह का आयोजन


सम्मानित करतीं प्राचार्या डॉ स्मृति नागी

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**बलियापुर।** पर्जन्य बीएड कॉलेज बलियापुर में बुधवार को पूर्ववर्ती छात्रों के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रथम बेंच 2013-14 से लेकर सत्र 2020-22 तक के छात्र शामिल हुए। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ स्मृति नागी ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं उसमें शामिल होने के लिए छात्रों को धन्यवाद दिया। भविष्य में भी महाविद्यालय के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में पूर्ववती छात्रों की संस्था अध्यक्ष बादल रवानी, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव इलियास अंसारी, कोषाध्यक्ष गोउर चन्द्र महतो ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के चतुर्थवगीय कमर्चारियों को प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक कार्तिक दा, प्रोफेसर संदीप कुमार तिवारी, प्रोफेसर मंटू राम महतो, प्रोफेसर रजत ठाकुर, प्रोफेसर संतोष कुमार राम, प्रोफेसर संजय कुमार महतो, प्रोफेसर जलेश्वर महतो, प्रोफेसर मिनाक्षी सिंह, स्वरूप दत्ता आदि मौजूद थे।

# ओबी डंपिंग को लेकर सुरुंगा के रैयतों ने किया विरोध-प्रदर्शन



**■ प्रशासन ने दिया प्रबंधन से वार्ता कराने का आश्वासन**

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**अलकडीहा।** तिसरा व सुरुंगा में रैयतों की जमीन पर आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा जबरन ओबी डंपिंग कर क्षतिग्रस्त करने एवं अधिग्रहण करने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है। उक्त मुद्दे को लेकर गुरुवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने रैयतों की जमीन पर ओबी डंपिंग किए जाने के विरोध में साउथ तिसरा के विवादित स्थल पर विरोध प्रदर्शन कर ओबी डंपिंग रोकने का प्रयास किया। रैयतों की जमीन के मामले को लेकर तीन माह पूर्व ग्रामीणों एवं आउटसोर्सिंग समर्थकों के बीच हुए खूनी संघर्ष की घटना को देखते हुए अलकडीहा ओपी पुलिस सतर्क थी। ग्रामीणों के विरोध-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी ए रोशन सदल बल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात की और मामले को लेकर प्रबंधन से बात कर समाधान कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे पांडव रजक एवं कर्पूरचंद्र गोराई ने कहा कि प्रबंधन फिर से रैयतों की जमीन पर ओबी डंपिंग शुरू किया है जो सरासर गलत है। प्रशासन तत्काल रैयतों की जमीन पर ओबी डंपिंग को बंद कराए ,अन्यथा बाध्य होकर एक बार फिर आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ जल्द ही उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर विरोध रजक, अजय राम, संजय कुंभकार, आलोका देवी, करुणा देवी, पूर्णिमा देवी, कलावती देवी आदि थे।

## पोखर में अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

**जोरापोखर।** डिगवाडीह 12 नंबर डंगाल धौडा स्थित पोखर से 50 वर्षीय अधेड़ शंकर हरिजन का शव गुरुवार की दोपहर जोरापोखर पुलिस ने बरामद किया । पुलिस ने शव को जब्त कर टाटा के शव गृह में रखा। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। मृतक की पत्नी मोलिया देवी ने बताया कि नुनुडीह मल्लिक टोला में रहते है। पति साफ सफाई का कार्य स्कूल में करते थे। बुधवार को सुबह 6.30 बजे अपने कार्य पर जाने के लिए घर से निकले। नहीं लौटने पर सभी रिश्तेदारों को यहा और आस-पास खोजी पर कुछ पता नही चल पाया। दोपहर तीन बजे किसी ने पोखरिया में शव मिलने की बात कही। वहां पहुंची तो देखा कि हमारे पति का शव है। हमें किसी पर शक नहीं है। पति नशा के आदि थे हमें किसी से झगड़ा लड़ाई भी नहीं है। मृतक का एक पुत्र 10 वर्ष का पुत्र शिवा कुमार है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बीसीकेयू के बैनर तले मजदूरों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**बलियापुर।** हार्डकोक भट्ठा मजदूरों ने बुधवार को बीसीकेयू के बैनर तले बलियापुर में अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर नेता सुबल मल्लिक ने किया। बलियापुर मेट्रो हार्डकोक इंडस्ट्रीज के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अमर शहीदों को याद किया। मुख्य अतिथि मजदूर नेता संतोष कुमार महतो ने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। आज ही के दिन अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों ने अपने हक अधिकार के लिए आंदोलन किया था जिसमें सैकड़ों मजदूर शहीद हुए थे। वक्ताओं में सुबल मल्लिक, समीरन विद, पंचमनी देवी, अर्जुन महतो, जितू रजक आदि मौजूद थे।

# मायुमं झरिया शाखा के अध्यक्ष के रूप में अमित अग्रवाल ने ली शपथ


कार्यक्रम में शामिल लोग

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**झरिया।** लक्ष्मीनिया मोड़ स्थित अग्रसेन भवन में गुरुवार की शाम अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा पदस्थापना समोरह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मारवाड़ी समलेन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, श्री राम प्रसाद कटेसरिया, मारवाड़ी समलेन के पूर्व अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल वा झारखण्ड मारवाड़ी युवा मंच के मण्डल उपाध्यक्ष अजय तायल ने दीप प्रज्वालित कर किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल ने अमित अग्रवाल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।इनके साथ ही साथ पूरी कार्यकरणी समिति ने पद की शपथ ली। उपाध्यक्ष के रूप में रुपेश शर्मा, चेतन तुलस्यान, सचिव राजेश अग्रवाल व सहसचिव आशा बाजोरिया, अंकित तुलस्यान, कोध्यक्ष नीतू अग्रवाल, गौरव मोदी व जनसम्पर्क अधिकरी के रूप में दिनेश शर्मा ने शपथ ली। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष नन्दलाल अग्रवाल ने कहा की जिस तरह से सामाजिक कार्यों में मंच अब तक परचम लहराने का काम किया है आगे भी अमित अग्रवाल से उम्मीद है की वे रचनत्मक कार्य कर अपना अलग भूमिका बनाए और साथ ही साथ समाज में नई मिसाल कायम करें। मौके पर विशाल पलसानिया,गणेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रमेश बंसल, अमित बाजोरिया,अजय अग्रवाल,आयुष जलान आदि थे।

## ढांगी में आंदोलनकारी सरकार मुर्मू की मनाई गयी पुण्यतिथि मनी

**बलियापुर :** झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष सरकार मुर्मू की पुण्यतिथि पर गुरुवार को ढांगी मोड़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने झामुमो नेता स्व मुर्मू की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि अलग राज्य की लडाई मे उनका योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वक्ताओं में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, मासस लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी, झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू, झामुमो केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य धरनीधर मंडल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महावीर महतो, प्रखंड अध्यक्ष सूरजकांत सोरेन, ईश्वर मरांडी, निर्मल रजवार, सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता थे।

## एक ही रात लोयाबाद में चोरों ने दो दुकान को बनाया निशाना

**लोयाबाद।** अपराधियों ने बुधवार की रात में दो अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। लोयाबाद मोड़ स्थित शिव मंदिर समीप राजा स्टील एंड फेब्रीकेशन दुकान की एजवेस्टर शिट तोड़ कर बुधवार की रात में अपराधियों ने करीब 35 हजार रुपये मुल्य का समान चोरी कर ली तथा झारखंड विद्युत वितरण निगम के बांसजोडा आरएस से बंद पड़ा ट्रांसफार्मर का वाल्व तथा स्वीच का ब्रास बार चोरों ने उड़ा लिए। स्टील दुकान से चोरों ने चार ग्रेंडर एक वेल्डिंग मशीन एक मोबाईल चार्जर व एक हथौडी चोरी कर ली। दुकानदार रमजान आलम ने लोयाबाद पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। दुकानदार ने बताया कि एक दिन बाद वह आज करीब नौ बजे दुकान खोला तो घटना की जानकारी हुई। अपराधियों ने पीछे की तरफ से एजवेस्टर शिट तोड़ कर घटना को अंजाम दिया है। विधूत निगम के जेई देवी

# मजदूर मसीहा स्व सूर्यदेव सिंह की पौत्री शताक्षी का मना जन्म दिन

**■ मजदूरों को किया गया सम्मानित**


कार्यक्रम के दौरान रागिनी सिंह और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**झरिया।** मजदूर पर बुधवार को झरिया बिहार बिल्डिंग कार्यालय में मजदूर मसीहा स्व सूर्य देव सिंह की पौत्री एवं पूर्व विधायक संजीव सिंह की ज्येष्ठ सुपुत्री शताक्षी सिंह का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मजदूर भाइयों ने केक काटकर उन्हे अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिये। इस अवसर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने सभी मजदूर भाइयों को आंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया एवं उन्हे मजदूर दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर बस्तकोला क्षेत्रीय सचिव (असंगठित) उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूर भाई बहनों ने रागिनी सिंह के प्रति आस्था व्यक्त कर जनता श्रमिक संघ की सदस्यता ग्रहण की। रागिनी सिंह ने सभी मजदूर भाईयो का अंगवस्त्र भेंट कर संगठन में स्वागत किया। शामिल होने वाले मजदूरों में बासुदेव हरिजन, रंजीत चौहान, जितेंद्र चौहान ,विक्की निषाद, सिकंदर रजक, राजेंद्र परमार, ब्रह्मदेव यादव, आकाश बाउरी, मुश्ताक आलम, मुन्ना गौर, मदन बाउरी, गोपाल बाउरी, महेश भुईयों आदि मौजूद थे। रागिनी सिंह ने कहा कि मजदूर के हक का दिन है और इसी दिन मजदूर भाइयों को 12 घंटे के बजाए 8 घंटे काम करने की स्वतंत्रता मिली। मौके पर संतोष सिंह, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, अखिलेश सिंह, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, दिलीप भारती, स्वरूप भट्टाचार्य, सेलो पासवान, महंत पांडेय, अमर सिंह, राज किशोर जैना, अभिषेक पाण्डेय, संतोष शर्मा, राजा राम पासवान आदि थे।

## आमझर मुखिया ने खराब चापाकलों की कराई मरम्मत

**बलियापर।** भीषण गर्मी में आमझर पंचायत में जल संकट को ले सोमवार को ग्रामीणों ने इसको लेकर पीएचईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के तीसरे दिन गुरुवार को आमझर पंचायत के बगानधार व कालिंदी टोला में आमझर मुखिया धर्मेंद्र रवानी ने खराब पड़े चापानलो को अपने निजी सहयोग से मरम्मत का कार्य कराया। मुखिया ने कहा कि जहां जहां पानी की समस्या है उसका जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमझर पंचायत में नल जल योजना का जलमीनार लगा हुआ है। बाबजूद आमझर पंचायत के लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जल्द ही अधिकारियों से बात कर इनका समाधान किया जाएगा। मुखिया के इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने मुखिया को धन्यवाद दिया। मौके पर समीर प्रमाणिक, नंदलाल दास, सोनाराम मुर्मू, समराम मुर्मू, तापस दास, संदीप प्रमाणिक, रोहन कालिंदी, मनोज कालिंदी, डब्ल्यू कालिंदी, सपन कालिंदी, बबलू गोप आदि मौजूद थे।

## प्रयास इंडिया के वार्षिकोत्सव पर सुरसंग्राम का आयोजन

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित सामाजिक एवं शैक्षिक संस्था प्रयास इंडिया के वार्षिक उत्सव रेनबो - 24 का आगाज बुधवार को सुरसंग्राम के साथ डोमगढ़ स्थित प्रयास इंडिया सेंटर 3 के (ब्लाइंड स्कूल) से हुआ जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सिंदरी के आस पास के बच्चे और कुछ धनबाद स्कूल के बच्चे शामिल थे। राउंड 2 में सुर संग्राम के विजेता घोषित किया गया जो मेगा नाइट रेनवो 24 में अपना जलवा दिखाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों ने अपना योगदान दिया।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया नि:शुल्क सिलाई केंद्र का उद्घाटन


कार्यक्रम में शामिल महिलाएं

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**गोविंदपुर।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा ने पावन परिसर वनकाली रोड में निःशुल्क सिलाई केंद्र का उद्घाटन गुरुवार को किया। समिति ने इस केंद्र में चार सिलाई मशीन उपलब्ध कराई है और नेहा देवी को इसके संचालन का जिम्मेदारी दी है। निर्धन बच्चों की शिक्षा के लिए समिति की वरिष्ठ सदस्यों ने क्रमशः 5 हजार, 6 हजार, 11 हजार व 36 हजार की आर्थिक सहायता दी। दिव्यांग विद्यालय के बच्चों के लिए एक लाख की नगद राशि दी गई । कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा की गोविंदपुर शाखा की प्रबंधक नूपुर ने सदस्यों को मुद्रा ऋण साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके गोल्ड लोन आदि की जानकारी दी। समिति ने प्रबंधक को सम्मानित किया। समिति ने सीए मनीष अग्रवाल को भी सम्मानित किया। अग्रवाल ने बैंकिंग और बचत संबंधी कई जानकारियां दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख रेणु दुदानी, पदमा बुबना, सरोज सरिया, रीता संघी, अध्यक्ष सीमा सरिया, सचिव विजया सरिया, कोषाध्यक्ष मीनू अग्रवाल सहित समिति की सभी सदस्य मौजूद थीं।

## चन्द्रदेव महतो ने नेशनल अवार्ड विजेता अन्नू को किया सम्मानित

*बलियापुर : बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ़इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में नेशनल अवार्ड प्राप्त किया। विभिन्न राज्यों के 24 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। अन्नू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अन्नू आगे चलकर इंटरनेशनल ओलंपिक में भाग लेना चाहती हैं। यह प्रतियोगिता 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चला। गुरुवार को मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने मोदीडीह पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर संतोष कुमार महतो, स्वप्न कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, अविनाश महतो, दिलीप कुमार महतो, चंद्र मोहन महतो, इंद्र मोहन महतो, ललित महतो, शीतल दत्ता, आशुपति महतो, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।*

# मानस अधिवेशन के समापन पर राज्याभिषेक का आयोजन

**■ पहुंचे ढुलू महतो और रागिनी सिंह**


कार्यक्रम के दौरान रागिनी सिंह, ढुलू महतो और अन्य

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**जोरापोखर।** जियलगोड़ा मानस मंदिर में आयोजित 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन के समापन समाहरोह में गुरुवार को सीता राम राज्याभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। भक्तों ने होली दिवाली एक साथ मनाई साथ ही सैकड़ों भक्तों में यज्ञ मंडप की फेरी लगाई। रामायण पाठ अनिल पाठक ने किया, जबकि दस वषीय बालक आयुष पाठक ने भजनों के माध्यम से कहा कि राम राज्य का प्रथम नागरिक केवट हैं। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह, योगेंद्र यादव मानस मंदिर पहुंच कर माथा टेका एवम प्रभु से जीत का आशीर्वाद लिया। महतो ने कहा कि वह राम भक्त हैं और इस मंदिर के उथान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मानस मंदिर कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राय, सचिव पिंटू अग्रवाल ने सभी को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया है। संध्या में धारा प्रवाह प्रवचन के माध्यम से अखिलेश चंद उपाध्याय ने राम राज्य की कल्पना को विस्तार से समझाया। अशोका नंद जी महाराज ने प्रवचन के दैरान कहा कि राम के राज्य में किसी को किसी से किसी प्रकार का द्वेष, क्लेश, दुख, एवं आपसी वैमनस्यता नही थी। सब लोग भाई चारा से रहते थे। यही राम राज्य है। जिस घाट पर शेर पानी पी रहा था, उसी घाट पर कमजोर पशु भी पानी पीता है। यही कल्पना है श्री राम जी के राज्य की। आयोजन मंडली में है अशोक वर्मा, कृष्णा रजक,उमेश सिंह, मनोहर महतो,शिव शंकर मिश्रा, मोहन साव आदि थे।

# कोडरमा लोकसभा से विनोद सिंह और प्रो जयप्रकाश ने किया नामांकन

आवाज प्रतिनिधि। 2 मई

**गिरिडीह।** 1 मई बुधवार को कोडरमा लोकसभा से जहां एक ओर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वहीं दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गांडेय के पूर्व विधायक प्रो जयप्रकाश वर्मा ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इन दोनों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वहीं गुरूवार को केंद्रीय राज्य मंत्री सह एनडीए से कोडरमा लोकसभा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन का पर्चा भरा। इन सभी के नामांकन में काफी संख्या में समर्थकों व कार्यकताओं की भीड़ दिखाई दी। इस दौरान सभी प्रत्याशियों ने अपना जल बल प्रदर्शित किया। नामांकन के बाद व पहले कई जगहों पर प्रत्याशियों के द्वारा सभा भी आयोजित की गई। विनोद सिंह के नामांकन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी व गांडेय की प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, माले नेता राजेश यादव, राजेश सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं कोडरमा लोकसभा सीट से गुरूवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजेश, मनोज कुमार और बहुजन मुक्ति पार्टी से जयनारायण दास ने नामांकन का पर्चा भरा। वहीं गांडेय से भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा ने निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष नामांकन का पर्चा भरा।





# प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

आवाज प्रतिनिधि। 2 मई

**गिरिडीह।** उपायुक्त गिरिडीह के आदेशानुसार गुरूवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया है जिसमें खबर प्रेषण तक 25 यूनिट रक्तदान किया जा चुका था। हालांकि प्रचंड गरमी और चल रहे गर्म हवाओं के कारण रक्तदान करने वाले लोगों की मौजूदगी कम देखी गई। बीडीओ अन्वेषा ओना ने कहा कि रक्तदान शिविर में अपेक्षाकृत लोगों की भागीदारी कम रही।उन्होंने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि गिरिडीह जिले को प्रत्येक माह 700 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है इसलिए वैसे लोग जो स्वस्थ हैं उन्हें रक्तदान करना चाहिए वहीं उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्तदान करके किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है अतः सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं होता है जबकि डाक्टर सोहेल अख्तर ने कहा कि 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।बताया कि रक्तदान से एक ओर जहां किसी की जीवन को बचाया जा सकता है तो दूसरी रक्तदाता का भी स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को छोड़ कोई भी रक्तदान कर सकता है.उन्होंने रक्तदान से जिन जिन बीमारी से ग्रसित लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है उसकी भी जानकारी दी और समाज के सभी वर्गों के लोगों से रक्तदान करने की अपील की।



## गिरिडीह से निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने किया नामांकन



**डुमरी :** डुमरी प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह पंचायत के मुखिया सुबोध यादव ने गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया. उन्होंने गुरुवार को बोकारो कलेक्ट्रेट में डीसी विजया जाधव को नामांकन पत्र सौंपा. वह दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ पर्चा दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचे. उनके समर्थन में भीड़ नारेबाजी करती चल रही थी. नामांकन दाखिल करने के बाद सुबोध यादव ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर वर्ग के मतदाताओं का समर्थन उन्हें मिलेगा. चुनाव में यदि जीत मिली, तो युवाओं, बेरोजगारों, मजदूरों, किसानों, शोषितों, वंचितों की आवाज संसद में उठाएंगे.

# भाजपा सरकार से जनता पूरी तरह से त्रस्त: दीपांकर

## इंडी गठबंधन ने गिरिडीह में किया जनसभा का आयोजन

आवाज प्रतिनिधि। 2 मई

**गिरिडीह।** कोडरमा के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह के नामांकन में शामिल होने गिरिडीह पहुंचे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य का जनसभा बुधवार को पपरावाटांड फुटबाल मैदान में हुआ। इस दौरान जनसभा में सीएम के साथ गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, कोडरमा प्रत्याशी बिनोद सिंह, आरजेडी नेता गौतम सागर राणा के साथ गिरिडीह इंडी गठबंधन के नेता सतीश केडिया, धनंजय सिंह, राजेश यादव, राजेश सिन्हा, कृष्ण मुरारी शर्मा समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा की देश में झारखंड का पहचान खनिजों वाले प्रदेश के रूप में जाना जाता है। लेकिन मोदी सरकार ने श्रम कानून में बदलाव कर इस राज्य की परिभाषा ही बदल दिया है। सीएम सोरेन ने कहा की हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद वो खुद भी प्रयास में रहे की हेमंत सोरेन की हर योजना सही से लागू रहे। ग्रामीणों को उसका फायदा मिलता रहे। और अब अबुआ आवास योजना को लेकर वो खुद भी सक्रिय है। गांव गांव तक आबुआ आवास योजना को पहुंचाने का लक्ष्य है। और इस दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम भी कर रही हैं। इधर जनसभा को संबोधित करते हुए माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने 2024 के चुनाव को देश की सबसे बड़ी लड़ाई बताते हुए कहा की हर हाल में इंडी गठबंधन को इस लड़ाई को जितना हैं। क्योंकि मोदी सरकार के आने के बाद देश का हाल भयावह होना तय है। राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा की मोदी सरकार से अब चुनाव आयोग भी भयभीत दिख रहा है जिसका उदाहरण है सूरत में एक कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा खुद का नामांकन रद्द हो जाना। और इसी तरह मध्य प्रदेश के एक और कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा खुद का नामांकन वापस लेना। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा की पीएम मोदी बड़ी बड़ी बाते करते है लेकिन मणिपुर भूल जाते है। माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर ने मौके पर मोदी सरकार पर भड़ास निकाला और कहा की सूरत और मध्य प्रदेश जैसे मामले अभी चुनाव में आते रहेंगे, लेकिन भाजपा को साउथ में हाफ और नॉर्थ में साफ करने के फामूर्ले पर इंडी गठबंधन को काम करना होगा। तभी देश को बचाने वाले इस लड़ाई को जितना होगा। कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखण्ड के साथ सौतेला व्यवहार करने वाली तानशाही ताकतों को सबक सिखाना है। देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए तथा झारखण्डी हक-अधिकारों की रक्षा और उसे हासिल करने के लिए इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को संसद में पहुंचना बहुत जरूरी है।



# सीसीआई का प्रतिनिधिमंडल मिला विद्युत महाप्रबंधक से

आवाज प्रतिनिधि। 2 मई

**गिरिडीह।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राहुल बर्मन की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड बिजली (विभाग) निगम के मुख्य अभियंता सह महाप्रबंधक प्रतोष कुमार व कार्यपालक अभियंता तकनीकी प्रणव तिवारी से मिलकर बिजली संकट में सुधार को लेकर विस्तृत बातचीत की। आम जनों को लाभ पहुंचाने हेतु अच्छे वातावरण में बैठक संपन्न हुई जिसमें गिरिडीह को सोलर सिटी बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार व राज्य सरकार की हर घर कनेक्सन योजना को तीव्रता से पहुंचाने हेतु सहमति बनी। इसके अलावे शहरी क्षेत्र में बिजली संबंधित असुविधा के लिए डिविजन वाईज हेल्पलाइन की व्यवस्था बहाल करने की सुविधा सूचना महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किये जाने की बात की गई। शहरी क्षेत्र में बिजली की जो व्यवस्था अभी चरमराई हुई है उसे दुरुस्त करने की बात की गई। इसके अलावे निगम क्षेत्र के कई इलाकों में जले ट्रांसफार्मर व जर्जर विधुत तार को लेकर भी पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। सीसीआई के पदाधिकारियों ने ऊर्जा मित्र के कर्मियों को आई कार्ड लगाकर ही प्रतिष्ठान या आवास में विजीट करने की बात कही गयी जिसपर अधिकारियों ने भी सहमति जताई। बकाया बिजली बिल की वसूली समेत उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य समस्याओं को लेकर सीसीआई की अगुआई में कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में सीसीआई के सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी आदि शामिल थे।



# सांसद प्रतिनिधि दशरथ साहू का हृदय गति रुकने से हुआ निधन

आवाज प्रतिनिधि। 2 मई

**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के घाटाडीह निवासी सांसद प्रतिनिधि दशरथ साहू का हृदय गति रुक जाने के करण बुधवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। जिससे पूरे पंचायत मे शोक की लहर फैल गयी। उनका निधन की सूचना मिलने के बाद गुरुवार को भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह, धनबाद लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, अरबिंद चंद्र राय समेत कई भाजपा एवं आजसू नेता उनके घर पहुंच कर पीड़ित परिवार को संतावना दिया, साथ ही उनके निधन पर शोक व्यक्त किया । शोक व्यक्त करने वालों में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, गिरिडीह लोकसभा विशेष सम्पर्क अभियान के संयोजक एस चंद्रा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य चुन्नूकांत, विनय कुमार शर्मा, पंचम सिंह, मुन्ना लाल उपाध्याय, बालेश्वर यादव सहित कई लोग शामिल हैं।




# भीषण गर्मी को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की सराहनीय पहल

### राहगीरों के लिए वंडर वर्ल्ड के बाहर किया प्याऊ का शुभारंभ

आवाज प्रतिनिधि। 2 मई

**गिरिडीह।** भीषण गर्मी को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह की ओर से बरगंडा स्थित वंडर वर्ल्ड के बाहर बुधवार को एक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन सीसीआई के अध्यक्ष राहुल वर्मन, सचिव विकास गुप्ता, रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार व राज टेलीकॉम के रवि कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मजदूर दिवस के अवसर पर राज टेलीकॉम के सौजन्य से इस प्याऊ के माध्यम से सैकड़ों लोगों को सत्तू का शर्बत, मेंगो शर्बत, ठंडा पानी व चना-गुड़ उपलब्ध कराया गया। तपती धूप में शीतल पेय मिलने से मजबूरी में बाहर निकलने वाले मजदूरों व राहगीरों ने काफी राहत महसूस किया व इस व्यवस्था के लिए आयोजकों की सराहना की। अध्यक्ष राहुल वर्मन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतल पेय की व्यवस्था की गई है जहां हर दिन अलग-अलग फ्लेवर के शीतल पेय उपलब्ध कराए जाएंगे। यह अभियान जून महीने तक लगातार जारी रहेगा। उद्घाटन के मौके पर अमरनाथ मंडल, गोपाल भदानी, सुदीप गुप्ता, मशरुर आलम सिद्दीकी, पिंकी अग्रवाल, अन्नू प्रिया, मनोहर वर्मा, प्रदीप मंडल, अजय कुमार, राहुल कुमार, संटू कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।



# जयराम महतो को गिरफ्तार करने बोकारो आई रांची नगर पुलिस खाली हाथ लौटी

■ जयराम के खिलाफ सिटी थाना में प्राथमिक 5 सहयोगी गिरफ्तार

आवाज प्रतिनिधि । 2 मई

**बोकारो।** बुधवार को जेबीएस के प्रत्याशी जयराम महतो को गिरफ्तार करने बोकारो आए रांची की नगर पुलिस खाली हाथ लौट गई ।दूसरी ओर जयराम महतो एवं उनके समर्थकों पर सरकारी काम में बाधा डालने, पुलिस के साथ हाथापाई करने से संबंधित प्राथमिक सिटी थाना में दर्ज की गई है तथा उनके पांच सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेबीएस के प्रत्याशी जयराम महतो अपने समर्थकों के साथ गिरिडीह लोकसभा से नामांकन दर्ज करने बोकारो पहुंचे। इस बात की जानकारी मिलने पर रांची पुलिस के डीएसपी तथा नगरी के थाना प्रभारी उन्हें गिरफ्तार करने बोकारो पहुंची। नामांकन करने के बाद बाहर निकले जय राम महतो ने प्रशासन से सभा करने की अनुमति मांगते हुए कहां की सभा के बाद पुलिस के हवाले कर देंगे। आईटीआई मोर पर उन्होंने सभा की लेकिन समर्थकों के विरोध के कारण पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाए तथा सुरक्षित बाहर निकल गए। दूसरी ओर पुलिस खाली हाथ लौट गई। वर्ष 2022 में उनके नेतृत्व में झारखंड विधानसभा का हुए घेराव के मामले में रांची पुलिस गिरफ्तार करने के लिए बोकारो पहुंची थी। नगरी पुलिस ने सिटी थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई। जिसमें जयराम महतो एवं उनके समर्थकों पर सरकारी काम में बाधा डालने पुलिस के साथ आता पाई करने से संबंधित प्राथमिक भारतीय दंड विधान की धारा 353, 332, 147 तथा 149 के तहत कराई गई है। पुलिस ने उनके समर्थक तथा उनके पार्टी के कार्यकर्ता रिजवान अंसारी, फरजान खान तथा संजय महतो समेत पांच को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर जयराम महतो ने ने इस साजिश बताते हुए कहा है कि सट्टा विपक्ष उनकी लोकप्रियता से घबरा गई है। जिसके कारण उन्हें जेल में डालने की कोशिश हो रही है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए की जेल में रहकर भी कई लोग सांसद विधायक बने हैं जेल जाने से नहीं डरते हैं जयराम महतो पर प्राथमिक दर्ज करने तथा धारा 353 के तहत कार्रवाई करने के मामले को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। जो विस्फोटक रूप धारण कर सकता है ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन भी किया गया।


सभा को संबोधित करते जय राम महतो


जय राम महतो को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

आवाज प्रतिनिधि । 2 मई

**पिंड्राजोरा ।** पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र एनएच 32 गवाई नहर के समझ ट्रक के चपेट में आ जाने से गुरुवार को एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या यूपी 75 ए, टी 6517 बोकारो की ओर से पश्चिम बंगाल पुरुलिया की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था ।इस बीच एनएच 32 गवाई नहर के पास बाइक संख्या बीआर 20 डी 9089 में आमाडीह गांव निवासी 30 वर्षीय रामु महतो उर्फ छोटू अपने घर से बेडानी मोड़ की ओर जा रहे थे . और ट्रक की चपेट में आ गए और उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । घटना की खबर सुनते ही मृतक के माता, पिता, पत्नी व बच्चे घटना स्थल पहुंच कर दहाड़ मार कर रोने लगे । जानकारी के अनुसार लगभग 11 :30 बजे के समय पिंड्राजोरा थाना से दो सौ मीटर की दुरी गवाई डैम गेट के एनएच 32 के समक्ष यह घटना घटी है । प्रत्यक्ष दर्शन के अनुसार चालक लापारवाही एवं तेजगति से चलाते हुए मृतक रामु को पास लेने के क्रम में पिछे से धक्का मार दिया जिससे रामु का बाया पैर ट्रक के साइलेंसर और पायदान के बीच फंस गया। ट्रक चालक अंजान बनकर ट्रक में फंसा रामु को घसीटते हुए दो किलोमीटर सीधाबनी तक ले गया । इस दर्दनाक घटना को बेड़ानी मोड़ स्थित दुकानदारो की नजर पड़ी और ट्रक मे फंसा व्यक्ति को ट्रक चालक द्वारा बेपारवाह और लापारवाही हल्ला करते हुए लोगो ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह भागते रहा । घटना की खबर पुलिस को दी गई आम जनता द्वारा पिछा करने के कारण चालक द्वारा सीधा बनी में ट्रक को खड़ी कर भागने की कोशिश करने लगा । इसी क्रम में खदेड़ कर पुलिस पकड़ ली और थाना ले आई ।

## हत्या का आरोपी दो सगे भाई गिरफ्तार


गिरफ्तार आरोपी

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने हत्या के आरोपी दो सगे भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों हरला थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में युवक ज्योति लाल चौधरी की बुरी तरह पिटाई कर दी गई थी। गंभीर रूप से घायल श्री चौधरी को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में हत्या का प्राथमिक दर्ज कर दो सगे भाई नागेंद्र प्रसाद तथा राजेश कुमार को आरोपी बनाया था। जिसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जमीन विवाद तथा रुपए के लेनदेन में चौधरी की पिटाई की गई थी। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई थी। दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन कुल तीन ने लिया नामांकन प्रपत्र


नामांकन प्रपत्र दाखिल करते प्रत्याशी

आवाज प्रतिनिधि । 2 मई

**बोकारो।** 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन गुरूवार को नाम निर्देशन के लिए कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया। जबकि, दो उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निवार्ची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसंदीय क्षेत्र विजया जाधव ने कहा कि चौथे दिन कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से विधि सम्मत शुल्क भुगतान कर लिया। वहीं, दो उम्मीदवारों क्रमशः राइट टू रिकॉल पार्टी के शिवजी प्रसाद, एवं पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी के प्रमोद राम, ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों के नाम निम्न हैः-ईमाम सफी, पिता स्व. अलीजान अंसारी, ग्राम हसाद, पो. करमा, पीएस. कसमार, जिला बोकारो , राकेश रोशन घोष, पिता स्व. अनादि नाथ घोष, ग्राम कोयरीडीह, पो. सोनारडीह, जिला धनबाद, राजा हक, पिता ऐनुल हक, पो. तोपचांची, जिला धनबाद। उल्लेखनीय हो कि, 6 गिरिडीह लोकसभा संसंदीय क्षेत्र में अब तक कुल 18 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 05 लोगों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है। जिसमें जयराम महतो डॉ उषा सिंह शामिल है। जबकि एनडीए गठबंधन के चंद्र प्रकाश चौधरी तथा इंडिया के गठबंधन के मथुरा महतो 6 में को पर्चा दाखिल करेंगे।

## मृत्युंजय शर्मा पर दर्ज हैं कई आपराधिक मामले : जयदेव राय

### भाजपा दर्ज कर सकती है एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी


पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा नेता जयदेव राय

आवाज प्रतिनिधि । 2 मई

**बोकारो।** भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए मृत्युंजय शर्मा के बयान का मामला तूल पकड़ लिया है। पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल होने के बाद मृत्युंजय शर्मा ने झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, मुख्य सचेतक बोकारो विधायक बिरंची नारायण तथा धनबाद से प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुलू महतो पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जिसका जवाब गुरुवार को बोकारो जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय भाजपा नेता मिहिर सिंह चौधरी तथा बोकारो विधानसभा के सदस्य संयोजक वीरभद्र प्रसाद सिंह जिला महामंत्री संजय त्यागी ने दिया है। जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि मृत्युंजय शर्मा पर हत्या के साजिश रचने जमीन लूटने तथा सहजानंद कॉलेज में गबन करने का मामला तत्कालीन एसडीओ ने दर्ज कराया था। श्री राय ने कहा कि श्री शर्मा ने दलित को अपमानित करने का काम किया है। जिसके कारण भाजपा उन पर स्ट एससी एक्ट के तहत प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी को अपमानित करने से संबंधित मामले में दर्ज करने पर विचार कर रही है। अधिवक्ताओं से राय मांगी गई है।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा की मृत्युंजय शर्मा के भाजपा छोड़ने एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं मुख्य सचेतक बिरंची नारायण पर उनके द्वारा लगाए गए। आरोपों का जबाब देते हुए कहा की मृत्युंजय शर्मा के भाजपा छोड़ने से भाजपा पर कोई प्रभाव पड़नेवाला नहीं है। क्योंकि उनका शरीर भाजपा में था परंतु उनकी आत्मा कांग्रेस में ही थी। उन्हें कांग्रेस से ज्यादा सम्मान भाजपा ने दिलाया परंतु उन्होंने भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं मुख्य सचेतक बिरंची नारायण एवं धनबाद लोकसभा के भाजपा सह राजग प्रत्याशी पर जो सत्य एवं तथ्य से परे अनर्गल आरोप लगाए है। उसका कोई आधार नहीं है।

वहीं जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा की मृत्युंजय शर्मा ने जो आरोप बोकारो के विधायक सह मुख्य सचेतक बिरंची नारायण पर लागाया है। तो वह जान लें की बिरंची नारायण जनता की कृपा एवं कार्यकर्ता के मेहनत से विधायक बने है मृत्युंजय शर्मा के कृपा से नहीं, वही भाजपा जिलाध्यक्ष ने उलटे मृत्युंजय शर्मा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा की खुद वह जब एस०एस० इंटर एवं डिग्री कालेज थे तो उनके भ्रष्टाचार के कारनामों को पूरा बोकारो-चंदनकियारी की जनता जानती है उन्होंने किस प्रकार इन संस्थानों को लूटने का काम किया।

पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष मिहिर सिंह चौधरी ने कहा की दूसरे पर आरोप लगाने ने पहले उन्हें अपने गिरेबान में झाकना चाहिए, उन्होंने कहा की मृत्युंजय शर्मा जो कुछ दिन पहले तक खातियानी संघर्ष मोर्चा की राजनीति कर रहे थे वे बताएं की उनका कितना में कांग्रेस से डील हुआ की आज वे भाजपा सह राजग प्रत्याशी ढुलू महतो का, चंदनकियारी के विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, बोकारो के विधायक सह मुख्य सचेतक (प्रतिपक्ष) बिरंचि नारायण का विरोध करने लगे। मिहिर सिंह चौधरी ने कहा की ठ महतो एक युवा संघर्षशील ईमानदार किसान मजदूर का बेटा को भाजपा ने टिकट दिया है। ये बात कांग्रेस को पच नहीं रहा है। भाजपा के बोकारो विधान सभा के सह संयोजक बिरभद्र प्रसाद सिंह ने मृत्युंजय शर्मा के पार्टी छोड़ने पर कहा की वह सही जगह पर चले गए है।

## ढोरी जीएम व कामगारों को बेहतर कार्य के लिए सीसीएल सीएमडी ने किया सम्मानित

**बेरमो।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष पर बुधवार को रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल सहित विभिन्न परियोजना में कार्यरत कामगारों को बेहतर काम करने के लिए शील्ड, पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सीएमडी श्री सिंह ने ढोरी एरिया के जीएम श्री अग्रवाल को पिछले वर्ष 2023-24 में सकारात्मक कोयला उत्पादन में वृद्धि के साथ लक्ष्य के विरुद्ध ओबी हटाने व कोयले की उच्चतम ग्रेड प्राप्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र का पुरस्कार से सम्मनित किया। वहीं ढोरी खास पीओ रंजीत कुमार को भूमिगत खदान से लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार देकर नवाजा गया एसडीओसीएम के ठेका कर्मी धनंजय सिंह को सर्वश्रेष्ठ शोवेल ऑपरेटर व ठेका कर्मी राममोहन चौहान को सर्वश्रेष्ठ डंपर ऑपरेटर, साहेब राम मांझी व काली मांझी को बेस्ट एसडीएल ऑपरेटर का उपहार दिया गया।

## ग्रामीणों ने अनुपमा को भारी मतों से जीत दिलाने का भरोसा दिया : मंटू यादव


सभा को संबोधित करते झामुमो के नेता मंटू यादव

आवाज प्रतिनिधि । 2 मई

**बोकारो।** धनबाद संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह की बड़ी जीत होगी। गुरूवार को श्यामपुर गांव में सभा का आयोजन किया गया। यहां ग्रामीणों ने एक स्वर से गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने का निर्णय लिया। यहां झामुमो नेता मंटू यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार आई है तब से विस्थापित गांवों का बूरा हाल हो गया है। यहां तक गरगा का पानी तक भी बोकारो स्टील बेच रहा है पर श्यामपुर गांव में कोई विकास का काम नहीं हुआ। पहली बार हेमंत सरकार में यहां कुछ काम हुआ है। गांव के लोगों का पेंशन बन गया। मंटू यादव ने कहा कि श्यामपुर गांव के लोगों को शुद्ध पानी एवं श्यामपुर व वनसिमली को पंचायत में शामिल कराने का काम वर्तमान सरकार में ही होगा। धनबाद का एक-एक झारखंडी खास कर आदिवासी , दलित एवं पिछड़ा समाज बदले के मूड में हैं। यह बदला इवीएम पर जोर से बटम दबाकर किया जाएगा। अनुपमा सिंह पढ़ी लिखी महिला है बोकारो में जो 15 साल से विकास नहीं हुआ है वह 5 साल में करके दिखाएंगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेता मुटूकलाल किस्कू, अमावती सोरेन, परमेश्वर सोरेन, विनोद किस्कू, मोतीलाल हेंब्रम, अजय हेंब्रम, अशोक हेंब्रम, मिथुन मंडलैं, विचार व्यक्त किया।

## चुनाव प्रचार में बोकारो आएंगे अमित शाह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी

आवाज प्रतिनिधि । 2 मई

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची जारी हो गई है । मिली जानकारी के अनुसार धनबाद लोकसभा के बोकारो तथा गिरिडीह लोकसभा के बारे में आयोजित सभा को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी, कंगना रावत समेत आधे दर्जन से अधिक राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित सभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पूर्व मुख्यमंत्री की पतनी कल्पना सोरेन बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी कांग्रेस के प्रभारी मीर अहमद, मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की तथा कांग्रेस कोटि के मंत्री एवं विधायक संबोधित करें। इसके अलावा पप्पू यादव को भी झरिया में आयोजित सभा में संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो (निर्वाचन शाखा)

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

एतद् द्वारा बोकारो जिलान्तर्गत सभी राजनीतिक दलों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 06–गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है जिसका आगमन बोकारो में हो गया है।

व्यय प्रेक्षक का नाम, मोबाईल संख्या एवं आवासन स्थल निम्नवत् है :–

| क्रमांक | व्यय प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या एवं नाम | आवासन | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अर्जुन लाल जाट (भा0रा0से0) | 06–गिरिडीह | बोकारो परिसदन, नया भवन, कमरा नं0–06, बी0एस0सिटी | 9031632024 |

सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्त्ता एवं आम मतदाता आवश्यकतानुसार उक्त सम्पर्क नम्बर से व्यय प्रेक्षक महोदय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी**
**–सह–**
**उपायुक्त, बोकारो**

PR 324267 Election(24-25).D

## सरकारी आदेश का उड़ रहा है मजाक, ऑर्डर के बाद भी खुली रही आरएनआईएस स्कूल

आवाज प्रतिनिधि । 2 मई

**जैनामोड़।** झारखंड सरकार द्वारा 29 अप्रैल को प्रचंड गर्मी एवं लू के कारण छात्रो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के देखते हुए राज्य के सरकारी, निजी विद्यालयो को कक्षा नर्सरी से आठ तक के अगले आदेश तक अवकाश घोषित किया है। शिक्षा विभाग सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह के जारी पत्र पर सभी सरकारी व निजी स्कूल ग्रीष्म कालीन अवकाश के तहत बंद है। लेकिन जिले के जरीडीह प्रखंड के तीरो स्थित आरएनआईएस पब्लिक स्कूल जैनामोड़ ने सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखा कर एक मई को स्कूल खोले रखने का मामला प्रकाश में आया है।परिजनो की शिकायत पर स्कूल पहुंचकर पड़ताल किया,तो नर्सरी से कक्षा 8 तक के दर्जनों नौनिहालों की पढ़ाई करवाई जा रही थी।पूछताछ के दौरान आनन - फानन में 9:30 बजे सभी नौनिहालों को छोड़कर विद्यालय को बंद कर दिया। विधालय के प्राधानाध्यापक प्रवीण सिंह ने बताया कि होम वर्क के लिए स्कूल खोला गया था.


आरएनआईएस पब्लिक स्कूल में पढाई करते बच्चे

**संज्ञान के बाद भी शिक्षा विभाग ने नही ली सुध :** सरकारी आदेश का ठेंगा दिखाकर जरीडीह प्रखंड के तीरो स्थित निजी विद्यालय आरएनआईएस पब्लिक स्कूल जैनामोड़ बीते बुधवार को विद्यालय खोलकर कक्षा नर्सरी से आठ तक के नैनिहालो को पठन - पाठन कराने के मामला प्रकाश में आया है।मामले को लेकर शिक्षा विभाग के पास मामला संज्ञान में आने के बाद विधालय नही पहुंचे है।जरीडीह बीईईओ लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि संज्ञान में आने के बाद दूरभाष पर फटकार लगाते हुए स्कूल को बंद कराया गया है. विद्यालय प्रबंधन को पत्र जारी कर ठोस कार्रवाई करने की बात कही।




चास मेन रोड, चंद्रा टॉकीज के पास, फर्स्टक्राई स्टोर के बगल में चास
9263001480 / 9263001481

